# हरिभूमि

जबलपुर
सोमवार, 24 जून 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान की प्रतीक
## वीरांगना रानी दुर्गावती
## को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का
## शत्-शत् नमन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



"देश के स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान से मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई है। उनके पराक्रम से गौरवान्वित प्रदेश, समतामूलक समाज की स्थापना और अपने जनजातीय भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# 461वें बलिदान दिवस पर
# पुण्य स्मरण समारोह

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**24 जून, 2024**

पूर्वाह्न 10.00 बजे । समाधि स्थल, नरई नाला, जबलपुर

पूर्वाह्न 11.00 बजे । वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड, जबलपुर

D-11022/24

## जनजातीय समाज और उनकी संस्कृति के लिए समर्पित मध्यप्रदेश सरकार

- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी की वीरगाथा को स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय
- समाज में असाधारण योगदान देने वाली महिलाओं के लिये रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर 2 पुरस्कार शुरू करने का निर्णय
- छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के रूप में नामकरण
- 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय बढ़ाकर ₹ 3000 से ₹ 4000 किया गया
- पीएम जन-मन योजना के माध्यम से शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया गया
- विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ से आंगनवाड़ी केंद्र, छात्रावास, सड़कें, पुल और आवासों के निर्माण का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ₹ 170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- कक्षा 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2023-24 में 2.59 लाख विद्यार्थियों को ₹ 494 करोड़ की छात्रवृत्ति
- आकांक्षा योजना में जे.ई.ई., क्लैट, नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिये कोचिंग सुविधा
- उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2023-24 में ₹ 159 करोड़ की सहायता से 1.25 लाख विद्यार्थियों को आवास भत्ता
- KG-1 से कक्षा 12वीं तक शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए 94 सीएम राइज़ स्कूल संचालित
- विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य। वर्ष 2023-24 में ₹ 2.90 करोड़ की सहायता
- जनजातीय बच्चों के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर और 8 आदर्श आवासीय विशिष्ट विद्यालय संचालित
- मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिला रोज़गार
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवारों के पोषण के लिए प्रतिमाह ₹ 1500 की राशि के तहत वर्ष 2023-24 में 2 लाख से अधिक महिलाओं को ₹ 323 करोड़ की सहायता
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में सिकल सेल उन्मूलन मिशन लागू
- वर्ष 2023-24 में ₹ 48.42 करोड़ से जनजातीय बस्तियों में विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल, सामुदायिक भवन, छात्रावास, सी.सी. रोड जैसी 691 बुनियादी सुविधाओं का निर्माण
- विशेष पिछड़ी जनजातीय जिलों में कौशल विकास केंद्र संचालित
- वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत 6 लाख से अधिक प्राप्त दावों में से 2 लाख 70 हजार दावों को मान्यता। 3 लाख 62 हजार से अधिक निरस्त दावों का पुन: परीक्षण जारी
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में विकास कार्यों के लिए 7307 ग्राम चयनित
- जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार देने के लिये पेसा नियम लागू
- युवाओं के लिये भगवान बिरसा मुंडा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण जैसी योजनाएं संचालित

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

**मध्यप्रदेश शासन**

# शाह ने की बाढ़ से निपटने की तैयारी की समीक्षा

## मानसूनी बारिश में तेजी से पहले केंद्र सरकार अलर्ट

**बैठक में सेना के अधिकारी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य रहे शामिल**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हर साल मानसून की बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि के चलते बिहार, असम और अन्य पूर्वी राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं। इसी के चलते, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री शाह ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। इससे पहले गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया था कि देश में बाढ़ से निपटने की समग्र तैयारियों की समीक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

**समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए**



### कई राज्यों में भूस्खलन-बारिश से मची तबाही

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और कुछ अन्य राज्यों को भी मानसून के दौरान भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। हाल के वर्षों में तमिलनाडु, केरल और जम्मू कश्मीर में भी बाढ़ आई है।

**जल शक्ति मंत्री समेत अधिकारी रहे मौजूद**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मौजूद रहे। इसके अलावा, जल संसाधन, नदी विकास और नदी संरक्षण, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण-वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य, एनडीआरएफ और आईएमडी के महानिदेशक, सीडब्ल्यूसी, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान के कारण असम में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 37 हो गई है जबकि एक व्यक्ति लापता है।

### असम में बाढ़ से 1.17 लाख लोग प्रभावित

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य में बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी हुई है और राज्य के 10 जिलों में 1.17 लाख से अधिक लोग अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बाढ़ के पानी ने इन जिलों के 27 राजस्व सर्किलों में 968 गांवों को जलमग्न कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि अधिकारी वर्तमान में 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र चला रहे हैं। यहां वर्तमान में कुल 17,661 लोग शरण लिए हुए हैं। सरमा ने यह भी कहा कि कुशियारा नदी वर्तमान में बराक घाटी के करीमगंज में खतरे के निशान से ऊपर है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, शनिवार को बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ था क्योंकि प्रभावित लोगों की संख्या में कमी आई थी, हालांकि दो और लोगों की मौत हो गई। 3,995.33 हेक्टेयर की फसल अब भी बाढ़ के पानी में है, जबकि 47,795 मुर्गियों सहित 2,20,546 जानवर प्रभावित हुए हैं।एएसडीएमए ने बताया कि राज्य भर से घरों, पशु शेड, सड़कों, पुलों और तटबंधों जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचने की खबर है।

## खबर संक्षेप

### प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज भी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल (सेक्युलर) के



एमएलसी सूरज रेवन्ना को भी हासन पुलिस ले गिरफ्तार कर लिया है। सूरज पर जेडीएस कार्यकर्ता के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप है। यह मामला सूरज के एक करीबी सहयोगी द्वारा कथित पीड़ित के खिलाफ जबरन वसूली के बाद आया है।

### अकाली नेता ने मां-बेटी डॉग सहित खुद को उड़ाया

**बरनाला।** पंजाब के बरनाला की राम राज्य कॉलोनी में शनिवार शाम को एक अकाली नेता ने अपनी 85



वर्षीय मां बलवंत कौर, 21 वर्षीय बेटी निमरत कौर की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुन कर जैसे ही पालतू डॉग भौंकने लगा तो डॉग को भी एक गोली मार दी। उसने करीब तीन मिनट बाद एक गोली खुद को मारकर आत्महत्या कर ली।

### आकाश आनंद बने नेशनल कोऑर्डिनेटर

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के सियासी कद को



फिर बढ़ा दिया है। उन्होंने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया है। आकाश अब पूरे देश में पार्टी का काम देखेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती ने इसकी घोषणा की। यह दूसरी बार है जब आकाश को मायावती ने अपना उत्तराधिकारी बनाया है।

### नोएडा की बुजुर्ग महिला से ठगे 1.3 करोड़ रुपए

**नोएडा।** साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जहां 73 साल की बुजुर्ग महिला को साइबर



ठगी का शिकार बनाया है। इसमें महिला के साथ 1.3 करोड़ रुपए की ठगी हुई है। यहां महिला ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई गंवा दी। महिला को 5 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और किसी से बातचीत नहीं करनी दी। ये कई लोगों को बड़ी चालाकी के साथ लूट लेते हैं।

### पुणे में पेड़ से टकराई बस, 25 लोग घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में यात्रियों से भरी एक बस पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में लगभग 25 लोग घायल



बताए जा रहे हैं। ये हादसा एक ट्रक से टक्कर से बचने की कोशिश में हुआ। पुणे राज्य परिवहन की बस सोलापुर जिले में पंढरपुर से मुंबई जा रही थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना दौंड तहसील के यवत के पास सहजपुर गांव के पास हुई। 3-4 यात्रियों को चोटें आई हैं।

## 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का होगा शपथ ग्रहण

# 26 को होगा स्पीकर का चुनाव, इसके बाद होगा सरकार का बहुमत परीक्षण

18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी जिसके बाद 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार यानी 24 जून से 18वें लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र 10 दिन तक चलेगा। इसमें 8 बैठकें निर्धरित की गई हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। इसके अलावा 26 जून को लोकसभा स्पीकर चुनाव होंगे और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगी।

यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। इसके बाद लोकसभा के नेता का भाषण होगा। लोकसभा 2019 के सेशन में पीएम मोदी ने लगभग 65 मिनट तक अपना भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने आपातकाल, लोकतंत्र, मेक इन इंडिया जैसे विषयों पर चर्चा की थी। वहीं, राज्यसभा 2019 में पीएम मोदी ने 66 मिनट तक अपना भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने ईवीएम, बिकाऊ मीडिया, वन नेशन-वन इलेक्शन और मॉब लिंचिंग जैसे विषयों पर चर्चा की थी।

### 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा

### राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगी संबोधित

**10 दिन के दौरान संसद में ये कार्य होंगे**

- प्रधानमंत्री मोदी संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- पीएम मोदी संसद में अपनी कैबिनेट सदस्यों का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा



**यह होगी कार्यक्रम की रूपरेखा**

प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब राष्ट्रपति भवन में स्पीकर पद की शपथ लेंगे और 11 बजे सुबह लोकसभा पहुंचेंगे। इसके बाद 24 से 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद 26 जून लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा और इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के बाद पीएम मोदी अपना भाषण देंगे।

### पहले दिन ही विवाद के संकेत

सोमवार से शुरू हो रहे 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा कर सकता है। दरअसल, भाजपा नेता और सात बार सदस्य रह चुके भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए जाने की संभावना है जिसका असर सत्र पर भी पड़ने की संभावना है।इस कदम की विपक्ष ने आलोचना की है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य के सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि महताब लगातार सात बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं, जिससे वह इस पद के लिए योग्य हैं, जबकि सुरेश 1998 और 2004 में चुनाव हार गए थे, जिससे उनका मौजूदा कार्यकाल निचले सदन में लगातार चौथा कार्यकाल है। इससे पहले, वह 1989, 1991, 1996 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए थे।

### जेल में बंद ये दो सांसद अमृतपाल और राशिद भी लेंगे शपथ

खबर है कि इस समय जेल में बंद दो सांसद भी सदन में शपथ लेंगे। इसमें एक अमृतपाल सिंह और दूसरे राशिद इंजीनियर का नाम शामिल है। अमृतपाल सिंह ने कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को हराकर खडूर साहिब सीट पंजाब से जीत हासिल की है। वहीं, राशिद इंजीनियर ने जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉफ्रेंस के उमर अबदुल्ला को 2 लाख के अधिक वोटों से हराया था।

## मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

# मतदाता का आभार और 'एक पेड़ मां के नाम' शुरू

**देशभर में पार्टी निकालेगी यात्रा**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद भी भाजपा देशभर में एक और यात्रा निकाल रही रही है। हालांकि इस बार यह यात्रा थोड़ी अलग है। भाजपा 'मतदाता अभिनंदन यात्रा' के जरिए लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए देशभर के मतदाताओं को धन्यवाद देगी।

भाजपा इस यात्रा के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन करने जा रही है और इसके लिए पार्टी ने पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है। मतदाताओं का आभार जताने के लिए भाजपा इस यात्रा के दौरान जगह-जगह अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। पार्टी ने इस यात्रा के लिए सुनील बंसल को प्रभारी बनाया है। मंत्रियों के लिए भी भाजपा स्वागत समारोह आयोजित करेगी।

### मंत्रियों का भी किया जाएगा सम्मान

केंद्र सरकार में बनाए गए मंत्री जिस राज्य से ताल्लुक रखते हैं उस राज्य की भाजपा इकाई उनके सम्मान में समारोह आयोजित करेगी। इस समारोह में मंत्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा एक पखवाड़े तक अलग-अलग कार्यक्रम करेगी। इसके साथ ही 25 जून को देश भर में 'आपातकाल का काला दिवस' पर भी कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान इमरजेंसी की विभीषिका को याद करने के साथ ही जेल में बंद रहे लोगों से भाजपा नेता मुलाकात करेंगे। इसके लिए तरुण चुघ और दुष्यंत गौतम को प्रभारी बनाया है।

### तावड़े, दुष्यंत होंगे मन की बात के प्रभारी

30 जून से फिर से शुरू होने जा रहे पीएम मोदी के खास कार्यक्रम 'मन की बात' का इंचार्ज विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम को बनाया गया है। बीजेपी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करने के लिए 23 जून से उनके जन्मदिवस 6 जुलाई तक देशभर में अभियान चलाएगी। पीएम मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत खुद एक पौधा लगाकर की थी।

## एक साक्षात्कार में बताया

# सीजेआई चंद्रचूड़ लगातार 2 दिन दाल-चावल खाकर रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ बचपन से शाकाहारी रहे हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि अब वए और उनकी पत्नी, दोनों वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं।

सीजेआई अपनी फिटनेस का श्रेय भी खानपान और जीवनशैली को देते हैं। वेजिटेरियन जस्टिस चंद्रचूड़ के जीवन में एक मौका ऐसा भी आया, जब उन्हें लगातार 2 दिन सिर्फ दाल चावल से काम चलाना पड़ा। यह कहानी उनके स्कूल के दिनों की है। जब वे मुंबई के मशहूर कैथेड्रल एंड जॉन कानन स्कूल में पढ़ा करते थे। यहां पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ पीबी गजेंद्रगाडकर के



बेटे अशोक जहांगीरदार भी उनके बैचमेट थे। मिड डे को दिए एक इंटरव्यू में अशोक बताते हैं कि एक दफा स्कूल की तरफ से हमें मुंबई जिमखाना क्लब ले जाया गया। रहने-खाने की व्यवस्था यहीं थी। सीजेआई चंद्रचूड़ के लिए बहुत कम ऑप्शन थे।

## दिल्ली जल संकट पर सियासत तेज

# एलजी से मिले 'आप' नेता हरियाणा की शिकायत की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच आप के मंत्री और अन्य नेताओं ने दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की है।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप नेताओं ने एलजी को बताया है कि हरियाणा सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं दे रही है। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के दो सांसद,विधायक भी शामिल थे। एलजी से निवेदन किया है कि आप हरियाणा सरकार



से बातचीत करें। हरियाणा अभी भी करीब 113 एमजीडी पानी दिल्ली में कम छोड़ रहा है। इससे लाखों लोगों को परेशानी हो रही है। एलजी ने आश्वासन दिया, हरियाणा से प्रयास करेंगे कि दिल्ली को उसके हक का पानी मिले। मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को भी जारी रहा।

## बिहार में फिर पुल ढहा

**सप्ताह में तीसरी घटना**



**चंपारण।** एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। इसका करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था।

## अधिकतर राज्यों में होगी झमाझम, कुछ प्रदेश बारिश-बाढ़ से हलाकान

# जुलाई में जमकर बरसेंगे बदरा, कुछ इलाकों में रेड अलर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारी गर्मी से दौर से जल्द ही राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार मानसून लागातार तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही देश के कई हिस्से बारिश से सरोबार होंगे।

आने वाले दिनों में कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है। कुछ इलाकों के लिए तो रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है और यह अरब सागर, गुजरात के कुछ और हिस्सों, महाराष्ट्र के शेष भाग, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्से, ओडिशा के शेष भाग और झारखंड के कुछ भाग में प्रवेश कर गया है।

**मौसम विभाग का पूर्वानुमान-जल्द ही कई राज्य होंगे बारिश से सरोबार**



### परिस्थितियां अनूकूल बनी, कुछ राज्यों में होगी भारी बारिश

अगले 3-4 दिन में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार के शेष भाग, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले 5 दिन के दौरान गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश की भी संभावना है।

### अरुणाचल में बादल फटा लैंडस्लाइड-बाढ़ से हालात बेकाबू

*ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार सुबह बादल*



*फटने से बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई जगह लैंड स्लाइड होने के कारण कई घर तबाह हो गए हैं। लोगों को वहां न जाने की सलाह दी गई है। नेशनल हाइवे-415 पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे हुए हैं। हालांकि अभी हताहत होने की सूचना सामने नहीं है लेकिन करोड़ों की संपति के नुकसान की खबर है।*

## ज. मार्कंडेय का सुप्रीम कोर्ट को पत्र

# भट्ट, खालिद और भीमा कोरेगांव के आरोपियों को जल्द रिहा करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने सुप्रीम कोर्ट के जजों को एक खुला पत्र लिखा है। उन्होंने पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट, उमर खालिद, भीमा कोरेगांव घटना के मामले में आरोपी मानवाधिकार कार्यकर्ता समेत तमाम मुस्लिम जो जिलों में बंद है उन्हें रिहा करने की मांग की है।

जस्टिस काटजू ने पत्र में लिखा है कि मैं आपसे आदरपूर्वक अपील करता हूं कि जेलों में बंद कुछ लोगों के मामलों पर अदालत फिर से विचार करे। मेरा मानना है कि वे



निर्दोष हैं और मोदी सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध भावना के कारण उन्हें गलत तरीके से कैद किया गया है। उनके खिलाफ लगाए गए फर्जी आरोपों को खारिज कर अदालत उन्हें रिहा करने का आदेश जारी करे। काटजू ने प्रोफेसर साईबाबा सहित कई लोगों को जेल से रिहा करने का आग्रह किया है।

जबलपुर
सोमवार, 24 जून 2024
- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-3
- वर्ष : 19, अंक : 55
- पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 32
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



10 नए आर्थिक सुधार से हासिल होंगे लक्ष्य






मैट्रो
6 गौवंश हत्या की आंच कटंगी तक...


संसद के इस सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं होगा

26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा

### आज से शुरू होगा संसद का सत्र, 3 जुलाई तक चलेगा

# पीएम मोदी समेत 280 सांसद पहले दिन लेंगे शपथ, बाकी 264 की शपथ कल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सबसे पहले सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर सांसद शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब उन्हें शपथ दिलाएंगे। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शपथ ग्रहण करेंगे। उसके बाद

*पीएम मोदी 2 जुलाई को लोकसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 3 जुलाई को राज्यसभा में बोलेंगे*



मंत्री परिषद के अन्य सदस्य सांसद के रूप में शपथ लेंगे। मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में 58 लोकसभा के सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल 13 सदस्य राज्यसभा के सांसद हैं और एक मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वह लुधियाना से भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों के बाद अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार राज्यवार सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। संसद के इस सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं होगा। राष्ट्रपति ने अध्यक्ष के चुनाव तक प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए सुरेश कोडिकुन्निल, थालिकोट्टई राजुतेवर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय को भी नियुक्त किया है।

### सबसे पहले असम के सांसद और सबसे अंत में पश्चिम बंगाल के सांसद शपथ लेंगे

*इस फॉर्मूले के मुताबिक सबसे पहले असम के सांसद और सबसे अंत में पश्चिम बंगाल के सांसद शपथ लेंगे। संसद सत्र के पहले दिन यानी 24 जून को 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। दूसरे दिन यानी 25 जून को 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। 28 जून को सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कराने की कोशिश करेगी, हालांकि हाल ही में हुए नीट पेपर लीक पर विपक्ष हंगामा कर सकता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जवाब में पीएम मोदी 2 जुलाई को लोकसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 3 जुलाई को राज्यसभा में बोलेंगे।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जमानत पर रोक, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने वकीलों के जरिए इस मामले में सोमवार ही सुनवाई की मांग की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आबकारी नीति मामले में जमानत देने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी।



### रेसलर बजरंग पूनिया फिर सस्पेंड, बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को बड़ा झटका लगा है। पूनिया को नेशनल एंट्री डोपिंग एजेंसी ने फिर से अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। पिछली बार बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन रद्द कर दिया गया था क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। इस बार नोटिस जारी किया गया है।



### नीतीश के बेटे निशांत सियासत में करेंगे एंट्री?

**मुजफ्फरपुर।** जनता दल यूनाइटेड की मुजफ्फरपुर इकाई ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक बड़ी मांग कर दी है। पार्टी नेताओं की यह मांग पार्टी अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार की टेंशन बढ़ा सकती है। मुजफ्फरपुर जदयू के नेताओं ने इमलीचट्टी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने की।



### भोपाल में इस बार अलग तरह से आया मानसून, धूप, गर्मी, उमस और तापमान में बढ़त के साथ एंट्री

# प्रदेश के 70 फीसदी इलाके हुए कवर भोपाल में भी बारिश का 'आगाज'

**राजधानी में** 24 घंटे से बारिश का था इंतजार, शाम से बारिश शुरु

**प्रदेश के** दक्षिणी हिस्से में ज्यादा असर दिखा रहा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून ने और आगे बढ़कर भोपाल सहित प्रदेश का करीब 70 फीसदी हिस्सा कवर कर लिया है। लेकिन, मानसून ऑनसेट के ज्ञात-इतिहास में यह संभवतः पहला अवसर है कि भोपाल सहित कई जिलों में धूप, गर्मी, उमस के साथ ही मानसून की एंट्री हुई है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में केवल पाटन में ही 54 मिमी बारिश हुई है, जबकि शेष कुछ ही जिलों में 40 से 50 मिमी तक बारिश दर्ज हो पाई है।

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार कई जिलों में बारिश कम हुई है अथवा नहीं हुई, लेकिन मानसून ऑनसेट होना बताया जा रहा है। इसके लिए अन्य परिस्थितियां अनुकूल बनी हैं।*




रात 8 .45 बजे भोपाल में मानसून ने दस्तक दी। लिंक रोड नं.1 पर झमाझम बारिश का दृश्य।

**बिना बारिश 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा पारा**

रविवार को लगातार दूसरे दिन कई शहरों के तापमान में बढ़त रही। भोपाल में दो दिन में अधिकतम पारा 3 डिग्री से अधिक बढ़ने से गर्मी और उमस बढ़ी रही। इसके अलावा बैतूल में रविवार को ही 3.5, खंडवा, नर्मदापुरम, सतना, सागर, उमरिया, दमोह आदि जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ गया। प्रदेश में औसत तापमान 38 डिग्री तक रहा।

**यहां तक पहुंचा मानसून**

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार रविवार को मानसून ने प्रदेश के अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, इंदौर, उज्जैन, देवास, सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, सीधी और सिंगरौली जिलों में प्रवेश कर लिया है। अगले दो तीन दिन में पूरा प्रदेश कवर हो जाएगा। अगले 3-4 दिन में उत्तरी अरब सागर के कुछ और हिस्सों, गुजरात, मध्यदेश के कुछ और हिस्सों, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड के शेष भाग और बिहार और उत्तर देश और उत्तराखंड के और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

**कहां-कितनी बारिश?**

*24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक पाटन में 54 मिमी बारिश हुई है। हरदा 53.1, नेपानगर 48.2, बरघाट 47.2, गोगावां 46, मेहंदवानी 45, के वलारी 42.4, चांद 42.2, सेंधवा 42, कट्ठीवाड़ा 41, सतवास 41, बिछुआ 40, गोहपा में 40 मिमी तक बारिश हुई। सोमवार तक बैतूल, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों के अलावा भोपाल, खंडवा, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ व निवाड़ी जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें व बारिश का अनुमान है।*

**अभी हवाएं पूर्वी, दक्षिणी मप्र तक बारिश**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार कई जिलों में बारिश कम हुई है अथवा नहीं हुई, लेकिन मानसून ऑनसेट होना बताया जा रहा है। इसके लिए अन्य परिस्थितियां अनुकूल बनी हैं। इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम संभाग आदि में अच्छी बारिश का अनुमान है। भोपाल में अभी बारिश कुछ कम रहेगी। हालांकि, अगले कुछ दिन में इसमें बढ़त हो जाएगी।


### मोनू रविवार को निकालने वाला था भगवा यात्रा, बैनर-पोस्टर लगाते समय हुआ हमला

## भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, बाजार रहे बंद, आरोपियों के घर की आगजनी

» भाजपा में मोनू के बढ़ते कद से रंजिश पाले हुए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की शनिवार-रविवार गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 3 बजे एमजी रोड इलाके की है। पुलिस ने बताया कि चिमनबाग चौराहे पर मोनू पुत्र राजेंद्र कल्याणे को गोली मारी गई। हत्याकांड में पीयूष और अर्जुन का नाम सामने आया है। पुरानी रंजिश में आरोपियों ने मोनू पर एक से ज्यादा फायर किए थे।





**आरोपियों के घर में तोड़फोड़ व आगजनी का वीडियो वायरल**

मोनू की हत्या के बाद उसके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया। इसमें लिखा है- बदला अभी बाकी है। इस वीडियो में दिख रहा है कि मोनू के समर्थक आरोपियों के घर के अंदर घुसे और तोड़फोड़ की। यहां रखे सामान में आग भी लगा दी। इस दौरान आरोपियों के परिजन घर पर नहीं थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा

## शिवराज और हिमंता रांची पहुंचे बोले-झारखंड में मची लूट



एजेंसी ▶▶ रांची

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए झारखंड दौरे पर हैं। भाजपा के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने शिवराज सिंह को झारखंड चुनाव का प्रभारी और हिमंता बिस्व सरमा को सह-प्रभारी बनाया है।

**चंपई सरकार पर बरसे केंद्रीय मंत्री शिवराज**

शिवराज ने इस दौरान झारखंड की मौजूदा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। शिवराज सिंह ने पूछा कि बीते पांच वर्ष में हमारे विभाग (ग्रामीण विकास) ने जो पैसा झारखंड को दिया है, उसका क्या किया गया है? शिवराज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण को लेकर चिंतित हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को सुरक्षित बनाने के लिए यह पहल शुरू की गई है।

सीएम ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की

## पीएम ने धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महानायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी के पहले और आजादी के तुरंत बाद देश के सामने आने वाली चुनौतियां के संबंध में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। बंग-भंग योजना की विभीषिका का आंकलन और जम्मू कश्मीर की चुनौती को समय रहते भांप लेना डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुष के लिए ही संभव था। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाना सच्चे अर्थों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी है।

**डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर की ओर पूरे देश का ध्यान आकर्षित कराने के उद्देश्य से मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था**



**डॉ. मुखर्जी के जीवन के वीर पक्षों को सामने लाना हम सबकी जिम्मेदारी**

यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर की ओर पूरे देश का ध्यान आकर्षित कराने के उद्देश्य से मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### रॉन्ग साइड से आ रही थी फॉर्च्यूनर कार

## विधायक के भतीजे ने बाइक को रौंदा,1 की मौत, 1 घायल



एनसीपी विधायक ने कहा जो हुआ वो गलत हुआ पर, मेरा भतीजा शराब नहीं पीता

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे जिले में पोर्श कार एक्सीडेंट की घटना एक बार फिर ताजा हो गई है। यहां फिर तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया है। अंबेगांव तालुका में एक फॉर्च्यूनर कार चालक ने दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों को कुचल दिया। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया गया है कि कार चालक मयूर विधायक दिलीप मोहिते पाटिल का भतीजा है।

### लाखों लोगों के पैन और आधार कार्ड का डेटा हासिल कर खोली फर्जी कंपनी

## सरकार को 15 हजार करोड़ का पहुंचाया नुकसान अरबपति महिला कारोबारी पुलिस की गिरफ्त में

एजेंसी ▶▶ नोएडा

तीन हजार से अधिक फर्जी कंपनी खोलकर सरकार को चूना लगाने वालों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोप है कि इन्होंने गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर सरकार के राजस्व को 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया। इस गिरोह की अरबपति महिला कारोबारी को क्राइम रिस्पांस टीम और सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को गिरफ्तार कर लिया

*महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाई गई कंपनी की बिलिंग की और इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर सरकार से करोड़ों रुपए ले लिए।*




**ये 48वीं गिरफ्तारी, जमानत किसी को नहीं**

अब तक की ये 48वीं गिरफ्तारी है। किसी भी आरोपी को अब तक जमानत नहीं मिली है। महिला ने कई ऐसी कंपनी और फर्म बनाई जिसका वजूद सिर्फ कागजों पर रहा। महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाई गई कंपनी की बिलिंग की और इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर सरकार से करोड़ों लूटे।

### 24 घंटे के अंदर में सीबीआई का बड़ा एक्शन, जांच का दायरा दूसरे राज्यों में भी बढ़ाया जाएगा

# नीट-यूजी पेपर लीक में पहली एफआईआर... सीबीआई की टीमें बिहार-गुजरात पहुंची, बिहार में टीम पर हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक में पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीबीआई ने 24 घंटे के अंदर में ही यह बड़ा एक्शन लिया है। शनिवार रात को ही केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सीबीआई को इस विवाद की जांच सौंपी थी। वैसे यह कार्रवाई उस समय हुई है जब केंद्र ने भी माना है कि 5 मई की परीक्षा में कुछ अनियमितताएं, धोखाधड़ी हुई है।

*छह सेंटरों छत्तीसगढ़ के बालोद व दंतेवाड़ा, गुजरात के सूरत, मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़ और चंडीगढ़ में रविवार को ग्रेस अंक पाने वाले बच्चों ने दोबारा दी परीक्षा*

ग्रामीणों ने सीबीआई की टीम को 'नकली' बताकर मारपीट की, गाड़ियां तोड़ीं, 4 गिरफ्तार, 150 लोगों पर एफआईआर



**महाराष्ट्र के 2 अध्यापकों से भी पूछताछ**

अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवाड ने शक के आधार पर पकड़ा।

### ग्रेस अंक पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों ने दी दोबारा परीक्षा

नीट-यूजी की परीक्षा में ग्रेस अंक पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों ने रविवार को री-एग्जाम दिया। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे के बीच हुई। नीट-यूजी परीक्षा में कथित धांधली के आरोपों के बाद के केंद्र सरकार ने 1563 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा कराने के लिए कहा था। इन अभ्यर्थियों को 5 मई को आयोजित नीट परीक्षा में कम समय मिलने पर ग्रेस अंक दिए गए थे। व्यापक विरोध के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ग्रेस अंक वापस लेते हुए इन अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा लेने का फैसला किया। यह परीक्षा उन 6 शहरों में हुई, जहां समय के नुकसान के चलते ग्रेस अंक दिए गए थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज वीरांगना रानी दुर्गावती के समाधि स्थल पर करेंगे नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े बलिदानी व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव सम्माननीय रहेंगे। इनके बलिदान से आज की पीढ़ी को अवगत करवाना आवश्यक है। वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर जबलपुर में हो रहे कार्यक्रम के साथ ही रानी दुर्गावती की जयंती पर आगामी 5 अक्टूबर को विभिन्न आयोजन किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन से 24 जून को जबलपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह और कलेक्टर जबलपुर ने कार्यक्रम की तैयारियों से अवगत करवाया। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग डॉ. ई रमेश कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे कार्यक्रम में सम्मिलित

कार्यक्रम में अन्य जन प्रतिनिधि और नागरिक भी शामिल होंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती को उनके समाधि स्थल पर आदरांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में वेटनरी कॉलेज जबलपुर में संस्कृति विभाग की ओर से रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

### जन्मशताब्दी समारोह के तहत हर माह कार्यक्रम

बैठक में बताया गया कि रानी दुर्गावती का यह 500 वां जन्मशताब्दी वर्ष है। पंच-शताब्दी जन्म महोत्सव के अवसर पर आने वाले 5 अक्टूबर को प्रदेश के जनजातीय बहुल जिलों में स्थित विद्यालयों में निबंध और क्विज के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारी



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आगामी 26 जून को संघ द्वारा आपातकाल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में तपन भौमिक, सुरेंद्र द्विवेदी और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## उज्जैन के चिकित्सकों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में प्रायवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम एसोसिएशन, उज्जैन के पदाधिकारी गण ने सौजन्य भेंट की। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्र से अभिनंदन किया। भेंट करने वालों में डॉ. राजेन्द्र बंसल, डॉ. कात्यायन मिश्रा, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. श्रीपद, डॉ. मयंक और डॉ. हेमंत आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भोपाल उत्सव मेला समिति के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शनिवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में भोपाल उत्सव मेला समिति के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, चंद्रशेखर सोनी, अशोक गुप्ता, सुनील जैन, अजय सोगानी, अशोक साहू एवं राधेश्याम दांगी शामिल थे। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### परसाई बने एमपी एग्रो यूनियन के प्रांत अध्यक्ष

भोपाल। शनिवार को एमपी एग्रो यूनियन की 40वीं वार्षिक साधारण सभा में चंद्रशेखर परसाई को 17वीं बार प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। संघ की साधारण सभा में की बैठक में 45 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संघ के महामंत्री जेपीएस परमार ने महामंत्री की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष लियाकत खान ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

### श्रीवास्तव ने केंद्रीय उप सचिव को भेंट की पुस्तक

भोपाल। भारत सरकार में उपसचिव, भारत निर्वाचन आयोग



की प्रेक्षक एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल में 2013-14 में पदस्थ रहीं उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूही खान को जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक प्रलय श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'मध्य प्रदेश में चुनाव और नवाचार' की प्रति भेंट की।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस संबंध में की चर्चा

# मप्र ने केंद्र से जीएसडीपी का एक प्रतिशत अतिरिक्त लोन की अनुमति देने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» उप मुख्यमंत्री देवड़ा जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुए शामिल

» उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने राज्य की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव रखे

मप्र ने केंद्र सरकार से नवंबर 2023 की जीएसटी की रुकी हुई आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 417.60 करोड़ रुपए रिलीज करने का अनुरोध किया है। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ प्री बजट मीटिंग में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राज्य की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव रखे। उन्होंने मप्र के लिए जीएसडीपी का एक प्रतिशत अतिरिक्त लोन प्राप्त करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस संबंध में चर्चा कर रहे थे। वित्त मंत्री सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों से जीएसटी सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। देवड़ा ने मप्र की तरफ से अपना पक्ष रखा और विकास कार्यों में सहयोग मांगा।

### पिछले वित्त वर्ष में मिला था सहयोग



उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री देवड़ा ने केंद्रीय वित्त मंत्री को अवगत कराया कि पूंजीगत कार्यों के लिए निर्धारित मापदंडो की पूर्ति करने में प्रदेश सफल रहा है। वर्ष 2023-24 में भारत सरकार से इस योजना में 12637 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। योजना के भाग एक के तहत 3,829 करोड़ की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विशेष केंद्रीय सहायता में वर्ष 2024-25 के लिए 10910 करोड़ रुपए के प्रस्ताव में से 4,318 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

### 2021-22 से लगातार राजस्व आधिक्य की स्थिति

देवड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में अधोसंरचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में पूंजीगत कार्यों की राशि 60689 करोड़ रुपए थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह राशि 46798 करोड़ थी। यह वृद्धि 29% है। उन्होंने मप्र के प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र से अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने की अपेक्षा की। देवड़ा ने यह भी रेखांकित किया कि मप्र में 2021-22 से लगातार राजस्व आधिक्य की स्थिति है। इसका श्रेय राज्य के कुशल वित्तीय प्रबंधन, विभागीय दक्षता और करदाताओं को जाता है।

### मप्र के हिस्से की शेष राशि 417.60 करोड़ रिलीज की जाए

जीएसटी काउंसिल बैठक में वित्त मंत्री देवडा ने कहा कि राज्य सरकार को जीएसटी के तहत नवंबर 2023 की आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 1878.94 करोड़ रुपए प्राप्त होनी थी, जिसमें से 1461.34 करोड़ राशि ही मप्र को प्राप्त हुई। उन्होंने अनुरोध किया कि मप्र के हिस्से की शेष राशि 417.60 करोड़ रुपए रिलीज की जाए। केन बेतवा लिंक परियोजना एवं वर्ष 2028 में होने वाले उज्जैन सिंहस्थ के प्रबंधन के लिए अधिकतम राशि उपलब्ध कराई जाएं।

### जीएसटी संग्रहण में 2 लाख करोड़ की सीमा के पार का रिकॉर्ड बना

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने श्रीमती सीतारमण का दोबारा केन्द्रीय वित्त मंत्री का पदभार ग्रहण करने पर मप्र की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल के सभी सदस्यों के सहयोग से जिस कुशलता से अध्यक्षता की है और अभूतपुर्व निर्णय लिए हैं, उससे देश के जीएसटी राजस्व संग्रहण में 2 लाख करोड़ के पार जाने का रिकॉर्ड बना है।

## मुख्यमंत्री ने जिलों में होने वाले विकास कार्यों की ली जानकारी

# हर जिले के विकास का आगामी पांच वर्ष के लिए बनाएं रोड मैप, प्राथमिकता से पूरे हों तय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र वार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। आगामी चार- पांच वर्षों के लिए यह रोड मैप तैयार किया जाए। विकास कार्यों को प्राथमिकता निर्धारित कर पूरा करने की योजना भी बनाई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के विकास कार्यों की जानकारी ले रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलों से मंत्रीमण्डल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े। समत्व भवन कक्ष में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डा राजेश राजौरा, हितानंद सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक लगभग चार करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं।

### मुख्यमंत्री ने दिया एक जिला एक उत्पाद की मार्केटिंग पर जोर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद की मार्केटिंग हो। रोजगारपरख कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की बेहतर भूमिका रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान और वृक्षारोपण अभियान बड़े पैमाने पर चलता रहे। वृक्षारोपण अभियान के तहत अच्छे छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न जिलों में पौधे लगाने का कार्य अच्छा हुआ है और बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल चलें अभियान, कॉलेज चलें अभियान के अंतर्गत कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे। आंगनवाड़ियों का संचालन बेहतर हो। आंगनवाड़ियों में केजी वन और केजी टू की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए प्रशिक्षण जल्द शुरू होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रावास और आश्रमों का भी भ्रमण कर जनप्रतिनिधि व्यवस्थाएं सुधारने में सहयोग करें। सभी स्थानीय निकायों के कार्यालय नियमित रूप से खुलें। जन प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन से अच्छा समन्वय हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनी रहे। गोवंश अधिनियम के अंतर्गत गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। राज्य सरकार ने गौ शालाओं के मानदेय की राशि दोगुनी कर दी है। प्रदेश में एक हजार गौ शालाओं का संचालन किया जाना है। कोई भी गौ माता बाहर सड़कों पर न घूमें, इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें। आवश्यकतानुसार सहकारिता समितियां गठित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाढ़ से बचाव संबंधी सभी उपाय पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में श्री अन्न (कोदो-कुटकी) को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, जनप्रतिनिधि सरकार के अंग हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय में किसी भी प्रकार की दूरी न रहे।

## मृतका के परिजनों के साथ मीडिया से चर्चा

# ममता यादव हत्याकांड में पूर्व सीएम दिग्विजय ने लिखा डीजीपी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोकनगर के चंदेरी की ममता यादव की गुमशुदगी और फिर मौत का मामले में शनिवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ममता यादव की मां और भाई साथ मीडिया से चर्चा की। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि किसी नेता ने सुपारी देकर ममता यादव की हत्या कराई है। उन्होंने डीजीपी को इस संबंध में एक पत्र भी लिखा है। जिसमें ममता यादव की मौत को हत्याकांड बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही अशोकनगर पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जांच और मृतका के परिजन को सुरक्षा देने की भी मांग की। उन्होने कहा- एक बहुत संगीन मामला मेरे पास आया है,जो कि एमपी और यूपी पुलिस से संबंधित है।



## अतिथि शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

# पंचायत की घोषणाओं के आदेश जारी कर महीने में निश्चित तिथि को वेतन दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बिना अनुमति के प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर दूसरे इलाकों में छोड़ दिया। अतिथि शिक्षकों का कहना था कि अतिथि शिक्षक पंचायत में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कई घोषणाएं की थी। जिसके आदेश जारी कराने और अन्य समस्याओं का निराकरण कराने को लेकर यहां पहुंचे हैं। अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की विभागीय पात्रता परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाया जाए। इसके अलावा अतिथि शिक्षक पंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाओं के आदेश अतिशीघ्र जारी किए जाएं। वहीं अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का पूरे एक वर्ष का अनुबंध करने का आदेश जारी किए जाएं।

# भर्ती परीक्षाओं का जिम्मा दो एजेंसियों को सौंपने का फैसला अव्यवहारिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने शनिवार को मप्र कर्मचारी चयन मंडल के एक ताजा फैसले पर सवाल खड़ा किया है। उन्होने कहा कि सरकारी रिक्त पदों की भर्ती परीक्षा में अब 2 एजेंसियों को नियुक्त करने का निर्णय अव्यवहारिक है। एक एजेंसी परीक्षा कराएगी तो दूसरी एजेंसी एग्जाम कराने वाली एजेंसी पर निगरानी रखेगी। ये काफी हास्यास्पद है। करीब 200 करोड़ रुपए की बर्बादी है। अभी मप्र कर्मचारी चयन मंडल में संचालक, परीक्षा नियंत्रक समेत विभिन्न संवर्ग के 120 से ज्यादा अधिकारी एवं दर्जनों कर्मचारी हैं। इनसे काम लेने और इनकी जवाबदेही तय करने के बदले नया फॉर्मूला सफल नहीं हो पाएगा क्योंकि एजेंसी की निगरानी करने और एक ओर एजेंसी तय करने का अर्थ गड़बड़ी करने वालों को पिछले दरवाजे से अवसर देना।

## कर्जे के बावजूद मंत्रियों के लिए लग्जरी गाड़ियां खरीद रही सरकार



भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि पौने चार लाख करोड़ के बड़े और भारी कर्ज में डूबी मध्य प्रदेश सरकार अपने मंत्रियों के लिए पांच करोड़ में लग्जरी गाड़ियां खरीदने जा रही है। बताया जा रहा है कि 25 नई चमचमाती गाड़ियां इसी माह के अंत तक आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई गाड़ियों की डिलीवरी के लिए अगस्त की डेट मिली थी, लेकिन मंत्री इसी माह गाड़ियों की डिमांड कर रहे हैं। दबाव में सरकार ने जून के अंत तक लग्जरी गाड़ियां देने का अनुरोध किया है। जबकि पांच मंत्रियों को नई गाड़ियां पहले ही मिल चुकी हैं। पटवारी ने आगे कहा कि सुख-सुविधाओं पर करोड़ों खर्च कर चुकी प्रदेश सरकार में अब इतनी भी नैतिकता नहीं बची है कि लग्जरी खर्च को कम कर सके।

## इलाके में जवानों ने सर्चिंग अभियान किया तेज

# सुकमा में सुरक्षाबलों के ट्रक पर नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान शहीद हो गए।

जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाल कर मुख्यालय ले जाया गया। नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मामले की पुष्टि की है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में अब सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।



### रास्ते में नक्सलियों ने किया था आईईडी प्लांट

जानकारी के मुताबिक रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर कैंप से कोबरा 201 वाहिनी की एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर साइकिल से कैंप टेकलगुडेम की तरफ था। सिलगेर व टेकुलगुडम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया था। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर तीन बजे के करीब आईईडी की चपेट से कोबरा 201 वाहिनी के ट्रक जिसमें चालक और सहचालक जवान मौके पर बलिदान हो गए। बताया गया है कि जवानों में विष्णु आर और शैलेंद्र शामिल हैं। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।

### नक्सलियों के कैंप से मिला नकली नोट छापने का सामान, कई हथियार भी बरामद



सुकमा जिले में पुलिस ने नक्सलियों द्वारा नकली नोट की छपाई का भंडाफोड़ किया है। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा एसपी किरण चौहान ने नक्सली संगठन द्वारा नकली नोट छापने का दावा किया है। इस दौरान जवानों को आता देख नक्सली जंगलों में भाग गए, लेकिन नक्सलियों द्वारा डंप किया गया सामान, प्रिंटर मशीन और इंक समेत नोट की प्रिंटिंग देखने को मिली। इतना ही नहीं नक्सली संगठन के नक्सली साहित्य एवं कई अहम दस्तावेज भी मौके से बरामद किए गए वहीं दो भरमार बंदूक दवाइयां वर्दी एवं अन्य सामग्री भी मिली।

# मोबाइल बनवाने के लिए पत्नी ने पैसे नहीं दिए तो पति ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

जशपुर के कुनकुरी थाने में एक अजीब मामला सामने आया है, जहां शख्स ने मोबाइल बनवाने के लिए पैसे नहीं मिलने की वजह से आत्महत्या कर ली। मामला बागबहार थाना इलाके के खरहागुड़ा बस्ती की है।

दरअसल,घटना 21 जून की है जब 11 बजे मृतक अजय राम मजदूरी करके घर लौटा था।मृतक अजय ने अपनी पत्नी बिंदेश्वरी बाई को कहा कि मेरा मोबाइल खराब गया है, जिसका डिस्प्ले कॉम्बो बनबाने के लिए 1500 रुपए चाहिए। पत्नी ने पति अजय को मम्मी-पापा के आने तक इंतजार करने को कहा। मृतक अजय इससे पहले ही शराब पीकर आया था और कमरे के अंदर घास मारने वाली जहरीली दवा पी ली। कुनकुरी पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद घटना की पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि जहरखुरानी की घटना 21 जून को सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच घटी है।

## जगदलपुर हाईवे पर ट्रेलर में लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू



जगदलपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में रविवार दोपहर को एक ट्रेलर में आग लग गई। आग निकलता देख ड्राइवर भाग गया, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम के साथ ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# रायपुर समेत छग के कई जिलों में झमाझम बारिश

## मौसम विभाग के अनुसार 26 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ेगी और भारी बारिश के आसार हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आज सुबह से ही कई जिलों में बारिश हो रही है। रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश जारी है। एक चक्रवती परिसंचरण आंतरिक ओडिशा से सटे छत्तीसगढ़ के ऊपर औसत समुद्र तल से 1.5 और 7.6 किलोमीटर बीच स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कई जगहों पर 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद बारिश की गतिविधि में कमी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। इसके बाद 26 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ेगी और भारी बारिश के आसार हैं। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के कई जिलों में बारिश हो रही है। कहीं हल्की मध्यम तो कई जगहों पर भारी बारिश होगी। इसके बाद 26 जून से फिर मौसम में बदलाव आएगा और जोरदार बारिश होगी।



### रायपुर में 32 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

राजधानी रायपुर में आज रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। इसके बाद बारिश की गतिविधि शुरू हुई। कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश हुई है। शनिवार को राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बलरामपुर में 37.5 डिग्री रहा और सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# इसरो ने फिर रचा इतिहास: आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज रविवार को एकबार फिर कामयाबी की कहानी लिखी। इसरो ने लगातार तीसरी बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) पुष्पक की लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स) में सफलता हासिल की।

*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है और दिखा दिया है कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता में कितनी ताकत है और इसरो क्या क्या कर सकता है।*




**इसरो की ऐतिहासिक कामयाबी**

*इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है, कि "पुष्पक ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में एडवांस ऑटोनॉमस क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए सटीक क्षैतिज लैंडिंग की है। आरएलवी लेक्स के उद्देश्यों को पूरा करने के साथ, इसरो ने ऑर्बिटल रीयूजेबल व्हीकल आरएलवी-ओआरवी में प्रवेश किया। करफड ने कहा है, कि ये लैंडिंग काफी तेज हवालों के बीच करवाई गई है और लैंडिंग से पहले मुश्किल वातावरण का निर्माण किया गया था, ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस क्षमता का परीक्षण किया जा सके।*

**[ एक बार फिर 'पुष्पक' ने मारी हैट्रिक ]**



## कर्नाटक के चित्रदुर्ग में हुआ सफल परीक्षण

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में रविवार सुबह 07:10 बजे लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के तीसरे और फाइनल टेस्ट को अंजाम दिया गया। चित्रदुर्ग के एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। पुष्पक ने क्रॉस रेंज करेक्शन मनुवर को एग्जीक्यूट करते हुए होरिजोंटल लैंडिंग को सटीकता से अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था।

**खबर संक्षेप**

### चिनैनी के जंगलों में दिखे संदिग्ध, इलाका घेरा



**जम्मू।** जम्मू संभाग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप के समीपवर्ती चिनैनी के करलाह के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षा कर्मियों तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई। जम्मू संभाग में रविवार को दो जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अन्य इलाकों में भी आतंकियों की तलाश में अभियान चल रहा है।

### श्रीलंका में 18 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया।

## 3-4 जुलाई को अस्ताना में होगा शिखर सम्मेलन का आयोजन

# एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे पीएम मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के शामिल होने की उम्मीद है। बता दें कि मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने पहले ये कंफर्म किया था कि वो एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाएंगे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर वहां सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल, एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके मेंबर हैं। जानकारी के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस समिट में पहुंचेंगे। ऐसे में मोदी के शामिल नहीं होने से भारत पर कई तरह के सवाल खड़े होंगे। शुक्रवार को जब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से एससीओ में मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

*"इधर भारतीय संसद का सत्र भी 3 जुलाई तक आहूत किया जा रहा है, इसलिए बनी स्थिति"*





पिछले साल उज्बेकिस्तान में हुआ था एससीओ शिखर सम्मेलन (फाइल फोटो)

### संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर विदेश मंत्री

**दुबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर आज रविवार को यूएई की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के विभिन्न मुद्दों पर बैठक करेंगे। इस दौरान वह अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। वहीं, दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, जयशंकर और अल नाहयान के गाजा में समग्र स्थिति पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। जयशंकर की यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक विकास की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### चीन-पाक पर लगाम, सेंट्रल एशिया पर नजर, भारत के लिए जरूरी

**संसद का सत्र बना कारण**

पीएम मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

- एससीओ भारत को आतंकवाद से लड़ाई और सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखने के लिए एक मजबूत मंच उपलब्ध कराता है।
- एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एससीओ को लेकर भारत की तीन प्रमुख पॉलिसी हैं
- रूस से संबंध मजबूत करना
- पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान के दबदबे पर लगाम और जवाब देना
- सेंट्रल एशियाई देशों के साथ सहयोग बढ़ाना
- एससीओ से जुड़ने में भारत का एक प्रमुख लक्ष्य इसके सेंट्रल एशियाई रिपब्लिक यानी -सीएआर के 4 सदस्यों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान से आर्थिक संबंध मजबूत करना है।
- इन देशों के साथ कनेक्टिविटी की कमी और चीन के इस इलाके में दबदबे की वजह से भारत के लिए ऐसा करने में मुश्किलें आती रही हैं।
- 2017 में एससीओ से जुड़ने के बाद इन सेंट्रल एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार में तेजी आई है। 2017-18 में भारत का इन चार देशों से व्यापार 11 हजार करोड़ रुपए का था, जो 2019-20 में बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया।
- भारतीय सरकारी और प्राइवेट कंपनियों ने इन देशों में गोल्ड माइनिंग, यूरेनियम, बिजली और एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट्स में निवेश भी किया।
- सेन्ट्रल एशिया में दुनिया के कच्चे तेल और गैस का करीब 45% भंडार मौजूद है। इसलिए भी ये देश भारत की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए आने वालों सालों में अहम हैं।

**अर्धसैनिक बल की गाड़ी को नक्सलियों ने बनाया निशाना**

# सुकमा में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद



**एजेंसी ▶▶ रायपुर**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया है। जवानों की मूवमेंट के बीच नक्सलियों द्वारा सिलगेर इलाके में आईईडी ब्लास्ट किया गया है। नक्सलियों ने जवानों के ट्रक को निशाना बनाकर विस्फोट किया। इस घटना में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं जबकि कई जवानों के घायल होने की खबर है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने की घटना की पुष्टि की है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जगरगुण्डा क्षेत्र के अंतर्गत कैम्प सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी आरओपी ड्यूटी के दौरान कैम्प टेकलगुड़ेम जा रही थी। काफिले में ट्रक और मोटर साइकल शामिल था। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी प्लांट किया गया था।

**आईईटी की चपेट में आए ड्राइवर और सह-चालक**

जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के मूवमेंट के दौरान आज रविवार को करीब तीन बजे आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया। जिसमें एक ट्रक चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। शहीद जवान का नाम विष्णु आर और शैलेन्द्र बताया जा रहा है। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।

**सुकमा में बरामद किए गए हैं नकली नोट**

*सुकमा के जंगल में पुलिस, सीआरपीएफ और डीआरजी की टीम ने नकली नोट और प्रिंटर मशीन बरामद की है। हथियार भी जब्त किए गए हैं, नक्सली ग्रामीणों को झांसा देकर बाजार में नकली नोट खपा रहे थे। सर्च ऑपरेशन सुकमा के कोरागुड़ा इलाके में चलाया गया था जो कि घोर नक्सल प्रभावित इलाका है। छापे के दौरान 100, 200 और 500 के नकली नोट और प्रिंटर मशीन भी मिली।*

**दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस और चीन में युद्ध की आशंका**

# झड़प के बाद फिलीपीनी नौसैनिकों ने कहा-नहीं हटेंगे पीछे

दोनों देशों के हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं

**एजेंसी ▶▶ मनीला**

दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी से फिलीपींस अब तंग आ चुका है। एक दिन पहले दोनों देशों के नौसैनिकों में दक्षिण चीन सागर में तेज भिड़ंत हुई है। इसके बाद हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति बन गई है। इस बीच फिलीपीन के राष्ट्रपति ने आज रविवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। इसके साथ यह भी कहा कि फिलीपीनी सैनिक दक्षिण चीन सागर से पीछे नहीं हटेंगे। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा कि अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं बनता है।



**चीन ने फिलीपीनी जहाज पर किया था हमला**

*सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी।*

**धाम में अब तक 46 भक्तों की जा चुकी है जान**

# बद्रीनाथ में 4 तीर्थयात्रियों की हृदय गति रुकने से हुई मौत

**एजेंसी ▶▶ देहरादून**

बदरीनाथ धाम में दर्शन को आए 4 तीर्थयात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। स्वजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ लाए थे। अब तक बदरीनाथ धाम में 46 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। वहीं अब तक केदारनाथ में 27 यमुनोत्री में 20 और गंगोत्री धाम की यात्रा पर आए छह तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य कारणों से मौत हुई है। झालवाड़ा राजस्थान निवासी सरिता परवाल (48) स्वजन के साथ बदरीनाथ दर्शन को आई थी। अचानक बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य बिगड़ने पर स्वजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ लाए। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा डोमपाका सुधाकर राव (68) निवासी नारासननोपटा श्रीकाकुलम आंध्रप्रदेश, सूबालाल (85) परिसाखुर्द पोओ बडोखरी डोट्य मध्य प्रदेश, विदार्थ शर्मा (25) निवासी एफ-66 दीनदयाल कालोनी निवाई टोक राजस्थान की भी अचानक धाम में स्वास्थ्य बिगड़ा। जहां चिकित्सकों ने तीनों तीर्थयात्रियों को मृत घोषित किया।



# बंग्लादेशी घुसपैठिए चढ़े सेना के हत्थे




*अगरतला। त्रिपुरा में रविवार को अवैध रूप से सीमा में प्रवेश करने वाले गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों को स्थानीय अदालत में ले जाने की तैयारी करते सुरक्षा बल के जवान।*


**नासा का दावा 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना**

# सावधान! धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है डरावना ऐस्टरॉइड

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक खतरनाक क्षुद्रग्रह यानी ऐस्टरॉइड के पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना है। नासा ने कहा है कि संभावित रूप से खतरनाक क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना है। नासा ने इसके साथ ये भी कहा है कि हम इसे रोकने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हो सकते हैं। असल में ऐस्टरॉइड या क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े होते हैं। चार मीटर व्यास वाले लगभग आधा अरब ऐस्टरॉइड सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं।





**कब धरती से टकरा सकता है ऐस्टरॉइड**

*वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में ग्रह रक्षा अधिकारी एमेरिटस लिंडले जॉनसन ने कहा, एक बड़ा ऐस्टरॉइड प्रभाव संभावित रूप से प्राकृतिक आपदा है, जिसके बारे में इंसान के पास वर्षों पहले भविष्यवाणी करने की तकीनीक तो है लेकिन इसे कैसे रोका जाए, इसपर खोज करने की जरूरत है। इसके लिए नासा नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट सर्वेयर (ठएड सर्वेयर) विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर लगभग 14 सालों में पृथ्वी से टकराने की ऐस्टरॉइड की 72% संभावना थी। सटीक रूप से कहें तो 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से ऐस्टरॉइड के टकराने की उम्मीद है। सटीक रूप से कहें तो 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना है।*

**नासा का पांचवा अभ्यास सत्र**

नासा की की एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, नासा ने अप्रैल में पांचवां प्लैनेटरी डिफेंस इंटरएजेंसी टेबलटॉप का एक अभ्यास आयोजित किया था। अब 20 जून को नासा ने मैरीलैंड के लॉरेल में जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी (एपीएल) में आयोजित अभ्यास का सारांश जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि इस दौरान इस क्षुद्रग्रह के टकराने की संभावना 72 प्रतिशत है।

### दुश्मनों की खैर नहीं, 4 तापस ड्रोन खरीदेगी भारतीय नौसेना

**एजेंसी:नई दिल्ली।** भारतीय सेना देश के भीतर बने वेपन सिस्टम को लगातार बढ़ावा देने में जुटी है। इसी कड़ी में नेवी अब डीआरडीओ की ओर से निर्मित 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देने को तैयार है। नौसेना समुद्री क्षेत्र पर निगरानी के लिए इन ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया, 'भारतीय नौसेना चार तापस ड्रोन का ऑर्डर देने जा रही है।



# दिखने में लगते हैं बेहद खतरनाक पर मासूम हैं ये जानवर

**लंदन।** कई बार ऐसा होता नहीं है, जैसा हम सोच लेते हैं। मसलन किसी को देखकर ही हम उसके बारे में कुछ तय नहीं कर सकते हैं। ये सिर्फ इंसानों नहीं जानवरों के बारे में भी सच है। दुनिया में ऐसे कई जीव हैं, जो देखने में तो खतरनाक लगते हैं लेकिन दरअसल हैं नहीं। चलिए जानते हैं ऐसे ही जीवों के बारे में ...

### बास्किंग शार्क



पानी के अंदर शार्क के अटैक की बहुत की घटनाएं आप सुनते और पढ़ते होंगे। हालांकि एक शार्क ऐसी भी है, जो दिखने में डरावनी लेकिन उतनी खतरनाक नहीं है। बास्किंग शार्क नाम की मछली काफी विशाल होती है और इसकी त्वचा खुरदरी होती है। ये इंसानों के लिए खतरनाक नहीं है, क्योंकि ये काफी फिल्टर फीडर है।

### चमगादड़ों



चमगादड़ों का नाम सुनकर ही डर लग जाता है, खासतौर पर इनके उल्टे लटके होने की वजह से। वैम्पायर बैट जीवों के खून को पी जाती है, इसलिए ये खतरनाक तो होते हैं। लेकिन इनका शिकार मुख्य रूप से पालतू जानवर और कई बार चिड़िया भी होती हैं। ये इंसानों का खून तो नहीं पीतीं, लेकिन अगर काट लें तो इंफेक्शन और बीमारियां हो सकती हैं।

### गिद्ध



देखने में काफी खतरनाक गिद्ध के बारे में सोचकर ही रूह कांप जाती है। हालांकि, ये जीवित इंसान के लिए खतरनाक नहीं होते। ये सिर्फ मरे हुए जीवों को खाते हैं, ऐसे में जब तक आप जिंदा हैं और आपके हाथ-पैर चल रहे हैं, गिद्ध आपके लिए खतरनाक नहीं होते।

### गोलिएथ बर्डईटर

गोलिएथ बर्डईटर नाम की मकड़ी को देखकर आप डर जाएंगे। खासतौर पर इसके शरीर पर मौजूद बाल काफी अजीब लगते हैं। ये सांप, छिपकली, कीड़े-मकोड़े और कई बार चिड़ियों को भी खा लेती है। ये भी इंसानों के लिए खतरनाक नहीं है, जब तक इसे छेड़ा न जाए।

### घड़ियाल




घड़ियाल को देखकर अक्सर लोग मगरमच्छ के भ्रम में पड़ जाते हैं। ये देखने में मगरमच्छ जैसा भले हो, लेकिन ये भी इंसानों को शिकार नहीं बनाता। ऐसा मानते हैं कि ये मनुष्यों के लिए खतरनाक है, लेकिन इसके पतले जबड़े बड़े जीव को खाने के लिए बने ही नहीं हैं। ये छोटी मछलियों, मेंढकों और कीड़ों को खाकर अपना पेट भरते हैं।

### जाएंट अरैक्निड



जाएंट अरैक्निड नाम के इस जीव को देखकर आपको डर भले लगे, लेकिन ये भी इंसानों पर हमला नहीं करतीं। ये 10 मील प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकती हैं, लेकिन अच्छी बात ये है कि इनमें जहर नहीं होता। हालांकि इन्हें देखकर आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है।

### मिल्क स्नेक



आखिर में वो जीव, जिसे देखकर आपके शरीर में सनसनी सी दौड़ जाती है। हम बात कर रहे हैं सांप की। सांपों में भी मिल्क स्नेक अगर सामने दिखे, तो घबराएं नहीं। इसमें जहर नहीं होता है, यही वजह है कि बहुत से लोग इसे पालते भी हैं।

## दादा को थी भूलने की बीमारी, 5 साल बाद याद आया पोती का नाम

**लंदन।** बच्चे अपने दादा-दादी या नाना-नानी से काफी जुड़े रहते हैं। पर धीरे-धीरे वो बूढ़े होते जाते हैं और सेहत की वजह से अपने नाती-पोतों के साथ उतना वक्त नहीं बिता पाते, जितना पहले बिताते थे। इस वजह से बच्चे भी उन्हें काफी मिस करते थे। मगर एक लड़की अपने दादा के साथ वक्त बिताते हुए भी उन्हें मिस करती थी। वो इसलिए क्योंकि उसके दादा को भूलने की बीमारी थी, जिसकी वजह से वो परिवार के लोगों को भी भूल गए थे। पर अचानक सालों बाद उन्हें अपनी पोती का नाम याद आया। उसे सुनकर वो इतनी खुश हो गई कि उसने उन्हें गले लगा लिया। इस पल का भावुक करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है।डिमेंशिया की बीमारी बेहद खतरनाक होती है। इस बीमारी में इंसान चीजें भूलने लगता है। यहां तक कि वो खुद को भी भूल जाता है। वो अपनों को, अपने बच्चों को और अन्य परिवारवालों को भी भूल बैठता है। ऐसे में उस व्यक्ति के परिवारवालों के लिए भी डिमेंशिया बहुत मुश्किलें लाती है। वायरल वीडियो में बताया गया कि बुजुर्ग शख्स को भी डिमेंशिया है और 5 सालों से वो सब कुछ भूले हुए हैं। उन्हें किसी का नाम भी याद नहीं. पर अचानक एक दिन उन्हें उनकी पोती याद आ गई।



**अद्भुत**

**प्रेग्नेंट हो महिला, तो भेज देते हैं बाहर**

## किस देश में बच्चा पैदा करने पर है पाबंदी? नहीं है कोई अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लंदन





दुनिया के कई देशों में अलग-अलग तरह की रहस्यमयी चीजें हैं। एक देश ऐसा भी है, जहां कभी कोई बच्चा पैदा नहीं हुआ। यह देश 11 फरवरी 1929 को बना था और हैरानी की बात है कि 95 साल बाद भी यहां एक भी बच्चे का जन्म नहीं हुआ है। यह एक ऐसा देश है, जहां रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म के सभी महान धार्मिक नेता यहीं रहते हैं। यहां पोप का शासन है, लेकिन इस देश की कुछ बातें अद्भुत हैं। ये दुनिया का सबसे छोटा देश भी है और दुनिया भर के सभी कैथोलिक चर्चों और कैथोलिक ईसाइयों की जड़ें यहीं से हैं।

इस देश का नाम वेटिकन सिटी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां कोई अस्पताल भी नहीं है। यहां अगर कोई गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए या कोई महिला गर्भवती हो जाए तो देश के बाहर किसी अस्पताल में भेज दिया जाता है या फिर उसके देश भेजने की व्यवस्था कर दी जाती है। ऐसा कहा जाता है कि वेटिकन सिटी में अस्पताल न खोलने का निर्णय इसके छोटे आकार और आसपास के क्षेत्र में बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं की वजह से लिया गया है। वेटिकन सिटी का क्षेत्रफल मात्र 118 एकड़ है। यहां कोई डिलीवरी रूम या सेंटर नहीं होने के कारण यहां कोई बच्चे को जन्म नहीं दे सकता। यहां नेचुरल डिलीवरी भी नहीं करने दी जाती है। महिला की डिलीवरी का वक्त नज़दीक आते ही यहां के नियमों के अनुसार उसे बच्चे को जन्म देने तक यहां से जाना पड़ता है। यह बहुत सख्त नियम है, यही वजह है कि यहां बच्चे को जन्म दिया ही नहीं जा सकता है।

### ऐसा देश है जहां कोई जेल नहीं

वेटिकन सिटी सिर्फ 0.44 वर्ग किमी है। वेटिकन सिटी एकमात्र ऐसा देश है जहां कोई जेल नहीं है। देश में प्री-ट्रायल हिरासत के लिए कुछ कोठरियां हैं। दोषियों और जेल की सज़ा पाए लोगों को लेटरन संधि के अनुसार इटैलियन जेलों में रखा जाता है। वेटिकन सिटी में दुनिया का सबसे छोटा रेलवे स्टेशन भी है। स्टेशन में 300 मीटर के दो ट्रैक और चिट्टा वाटिकनो नाम का एक स्टेशन है। इसका उपयोग केवल माल परिवहन के लिए किया जाता है। ध्यान दें कि नियमित ट्रेनें नहीं चल रही हैं।

### केवल 800-900 लोग रहते हैं

इसका कानूनी कारण भी है। वेटिकन सिटी में किसी को भी स्थायी नागरिकता नहीं मिलती है, सभी निवासी अपने कार्यकाल की अवधि तक ही यहां रहते हैं। इतने दिनों के लिए उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रदान की जाती है। यहां बच्चों को जन्म इसलिए भी नहीं दिया जाता क्योंकि स्थायी नागरिकता मिल ही नहीं सकती। वेटिकन में केवल 800-900 लोग रहते हैं, जिनमें रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म से जुड़े वरिष्ठ पुजारी भी शामिल हैं। यहां व्यक्तिगत अपराध ज्यादा होते हैं। ये अपराध आमतौर पर शहर के बाहर से आए लाखों पर्यटक ही करते हैं, जिनमें चोरी और जेबतराशी शामिल है।

## दुनिया का सबसे महंगा बिस्किट, सिर्फ 1 पीस की कीमत में आ जाएगी कार!

**लंदन।** अगर आप बाजार में बिस्किट खरीदने जाएं तो आपको 5-10 रुपए में बढ़िया बिस्किट का पैकेट मिल जाएगा, जिसमें कम से कम 8-10 पीस बिस्किट तो होंगे ही। पर दुनिया में एक बिस्किट का ऐसा पीस है, जो सिर्फ 1 है, पर उसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि उतने में आप कार भी खरीद सकते हैं। ये दुनिया का सबसे महंगा बिस्किट है। पर सवाल ये उठता है कि ये इतना महंगा क्यों है?

बीबीसी की साल 2015 की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2015 में एक बिस्किट नीलाम हुआ, जिसकी कीमत लगी 15 हजार पाउंड यानी आज के हिसाब से 15 लाख रुपए। ये इतना महंगा इसलिए है क्योंकि ये इकलौता ऐसा बिस्किट है, जो टाइटैनिक पर था और सुरक्षित पाया गया था। स्पिलर्स एंड बेकर्स का पायलट क्रैकर बिस्किट टाइटैनिक की एक लाइफ बोट में रखे सर्वाइवल किट में मिला था। इस वजह से इसे दुनिया का सबसे कीमती बिस्किट भी माना जाता है।

### टाइटैनिक का था बिस्किट

इसे ग्रीस के एक कलेक्टर ने खरीदा था। इस बिस्किट को सूविनियर के तौर पर आरएमएस कारपेथिया में मौजूद कपल जेम्स और मेबल फेनविक ने सहेजकर रखा था।




दरअसल, आरएमएस कारपेथिया शिप को, टाइटैनिक में बचे लोगों को बचाने के लिए बुलाया गया था। तब कपल ने बिस्किट उठा लिया था और फिर उसे कोडैक फिल्म के लिफाफे में रख लिया था। इस बिस्किट के साथ कपल ने कुछ फोटोज के नेगेटिव भी सुरक्षित रख लिए थे।

### पहले भी बिक चुके हैं महंगे बिस्किट

इस बिस्किट को नीलाम करने वाले नीलामकर्ता एंड्रू एलड्रिज ने कहा था कि ये हैरानी की बात है कि एक बिस्किट, इतने भयानक हादसे को झेल गया। उनकी जानकारी में टाइटैनिक से बचा दूसरा कोई बिस्किट उपलब्ध नहीं है। उनके अनुसार कुछ सालों पहले जाने-माने खोजी और एक्सप्लोरर की यात्राओं के दौरान मिले 100 साल पुराने बिस्किट को भी नीलाम किया गया था, जिसे 3 लाख रुपए में खरीदा गया था।

## गुजरात का एक ऐसा गांव, जहां किसी भी घर में नहीं है दरवाजा

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले में स्थित शनि शिंगणापुर गांव का बहुत महत्व है। ऐसा कहा जाता है कि, यहां किसी के घर में दरवाजे नहीं है। क्योंकि, यहां चोर चोरी नहीं कर सकता है। ऐसा ही एक सातडा गांव सौराष्ट्र में भी है, जो कि राजकोट से 23 किमी दूर स्थित है। जहां पर भैरवदादा का मंदिर है। इस गांव के घरों में एक भी दरवाजा नहीं है। इसलिए घर पर ताला लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है। गांव में रहने वाले भैरव दादा गांव की रक्षा करते हैं। इसलिए, इस गांव को सौराष्ट्र के शनि शिंगणापुर के नाम से जाना जाता है।सातड़ा गांव के निवासी वालाभाई पुंजाभाई जादा ने बताया यह गांव में भैरव दादा का निवास है। इसलिए हमारे गांव में कोई चोरी नहीं कर सकता है। गांव में कोई चोर नहीं है। चोर भी आ जाए तो अंधा हो जाता है।



### सबके घर खुले होते हैं

उन्होंने आगे बताया कि, चार साल पहले चार चोर गांव में चोरी करने आए थे। जो पालीया (मर जाने के बाद स्थल पर लगाया गया पत्थर) बन गए थे, वह पत्थर आज भी मौजूद हैं। अगर चोर हमारे गांव में चोरी करके भी आता है, तो पकड़ा जाता है। आसपास के गांव चोरी होती है, लेकिन हमारे गांव में नहीं, हमारे गांव में किसी भी घर में दरवाजा नहीं है। सबके घर खुले होते हैं। जो अपने घर में दरवाजा लगाते हैं उनके घर में चोरी होती है। हमारे यह दादा ने कहां है कि, मैं इस गांव में हूं।

## केजरीवाल के खिलाफ ज्यादती की हद है, भड़के पाकिस्तानी नेता

- जमानत रद्द होने पर आई पाकिस्तान की प्रतिक्रिया

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद



- फवाद ने किया केजरीवाल का समर्थन
- केजरीवाल का उत्पीड़न किया जा रहा : फवाद

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने और फिर उस पर रोक लगने के घटनाक्रम पर पाकिस्तान से भी रिएक्शन आया है। पाक के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। फवाद चौधरी ने लिखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवल के साथ तानाशाही की हद तक का व्यवहार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी थी। दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार केजरीवाल की जेल से रिहाई से पहले ही ईडी हाईकोर्ट में चली गई। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मामले पर सुनवाई करते हुए अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया। ऐसे में केजरीवाल निचली अदालत से बेल मिलने के बावजूद जेल से बाहर नहीं आ पाए हैं।

### केजरीवाल के लिए पहले भी कर चुके पोस्ट

फवाद चौधरी ने लोकसभा चुनाव के समय भी अरविंद केजरीवाल के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने परिवार के साथ वोट डालने के बाद एक तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट की थी। इस पर पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता फवाद चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा था कि शांति और सद्भाव से ही नफरत और उग्रवाद की ताकतों को हराया जा सकता है। इस पर केजरीवाल ने फवाद को जवाब देते हुए कहा था कि वह भारत के अंदरूनी मामलों पर ना बोलें।फवाद चौधरी ने चुनाव के समय भारतीय मतदाताओं से भाजपा के खिलाफ वोट डालने की भी अपील की थी। चौधरी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बहुसंख्यकवाद की ओर बढ़ रहा है, इससे सभी का नुकसान है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी या राहुल गांधी जो भी उनके सामने मजबूत है, उसको सपोर्ट किया जाना चाहिए। जो भी भारत में कट्टरपंथ से लड़े, उसे हमारा समर्थन होना चाहिए।

### क्या कहा फवाद चौधरी ने

*इमरान खान की सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे फवाद चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक की व्याख्या की जाए तो हम कहेंगे कि ये सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक उत्पीड़न है। ऐसा कभी नहीं होता है कि उच्च न्यायालय रिहाई आदेश को प्रभावी होने से पहले ही किसी व्यक्ति की जमानत पर रोक लगा दे। सीएम कोई फरार नहीं थे और ना ही वह कहीं भाग जाएंगे। उनको जिस तरह से सलाखों के पीछे डाला गया, वो कोई अच्छी मिसाल नहीं है।'*

## 'पेटा इंडिया' ने केरल के मंदिर को भेंट किया यांत्रिक हाथी

**तिरुवनंतपुरम।** पशु-अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ तिरुवनंतपुरम में पूर्णमिकावु मंदिर को हाथी के वास्तविक आकार का एक यांत्रिक हाथी भेंट किया। यह यांत्रिक हाथी, केरल के मंदिर में लाया जाने वाला तीसरा हाथी है, जो लगभग तीन मीटर लंबा है और इसका वजन लगभग 800 किलोग्राम है। पेटा ने बयान में कहा कि बलधासन नामक यांत्रिक हाथी को पूर्णमिकावु मंदिर को दान में दिया गया है। बता दें कि मंदिर ने कभी भी समारोहों और उत्सवों के लिए हाथियों को नहीं रखने या किराये पर नहीं लेने का निर्णय लिया है ताकि किसी प्रकार की घटना न हो।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारतीय वनविभाग जिलानुसार लड़के लड़कियों की सीधीभर्ती फील्डऑफिसर, फॉरेस्टरेंजर, सिक्योरिटी/ फॉरेस्टगार्ड, माली, कंप्यूटरऑपरेटर, (पद -1280 ),(सैलरी 23500 - 48500 ) रहना +खाना + मेडिकल फ्री ! इच्छुक अपना नामपता आधारकार्ड, मार्कशीट व्हाट्सएप (संजय शुक्ला) - 9120184952 (भोपाल /24 / जून/24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## ईडी की छापेमारी में एक करोड़ नकद, 100 कारतूस जब्त

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े मनी लांड्रिंग की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि कांके रोड स्थित एक परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती की गईं। उन्होंने बताया कि परिसर के मालिक की पहचान कमलेश सिंह नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है।सूत्रों के अनुसार, छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है।



*25 लोग पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार : मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी, सोरेन द्वारा रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।*

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5551



**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

**शब्द पहेली -5550 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | वा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5562

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5561 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |





## टी20 विश्व कप : गुरबाज और जदरान ने की 118 रन की साझेदारी

# अफगानिस्तान ने किया सबसे बड़ा उलटफेर सुपर-8 में आस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया



अफगानिस्तान में जीत का जश्न



एजेंसी ▶▶| किंग्सटाउन

अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला। पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए और जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है। अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आए और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था।

आस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।



### तब मुंबई में नहीं सो सका था और अब यहां नहीं सो सकता

ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी। पिछले साल नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में मैक्सवेल ने चोटिल होने के बावजूद 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्के की मदद से नाबाद 201 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। राशिद ने टी20 विश्व कप में उलटफेर करने के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि मैं अब अच्छे से सो पाउंगा। उस रात को मैं ठीक से सोने नहीं सका था। उस मैच की यादें हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। जाहिर है, मैं उस (सात नवंबर 2023) पूरी रात सो नहीं पाया था। लग रहा है कि आज भी ऐसा ही होगा। आज खुशी के मारे सो नहीं पाऊंगा। आज पूरी टीम खुश है। एक टीम, एक राष्ट्र के रूप में यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है। यह सिर्फ द्विपक्षीय खेल जैसा नहीं है। यह विश्व कप का मैच है और निश्चित रूप से विश्व कप में आप सर्वश्रेष्ठ टीम को हरा रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी टीम 2021 विश्व कप के विजेता हैं।'

### बदला किया चुकता

*आस्ट्रेलिया के पावरप्ले में तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने 41 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा। नायब ने गेंदबाजी का जौहर दिखाते हुए 2021 की चैंपियन टीम पर दबाव बना दिया। इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पिछले साल वनडे विश्व कप में मुंबई में मिली हार का बदलाव भी चुकता कर दिया। उस समय मैक्सवेल ने अफगानिस्तान से जीत छीन ली थी और एक बार फिर वह ऐसा ही करते दिख रहे थे लेकिन नायब ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस मैच के बाद अब आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान दोनों ने एक एक मैच जीता है जबकि भारत दोनों मैच जीतकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है।*



### कमिंस की लगातार दूसरी हैट्रिक

*आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे।*

---

### खबर संक्षेप

#### दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है ऑस्ट्रेलिया



**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

#### ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी : कुलदीप

**ग्रोस आइलेट।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।



#### स्टार्क के घर में है टेनिस कोर्ट और स्वीमिंग पूल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कमाई के मामले में रोहित शर्मा और कोहली से पीछे नहीं है। मिचेल स्टार्क की नेटवर्थ लगभग 300 करोड़ रुपए है। मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी के साथ नॉर्थ सिडनी में रहते हैं। यह आलीशान घर किसी भी शख्स का सपना है। उनके घर का नाम शेरलट पार्ख है। स्टार्क का यह घर 1.8 हेक्टर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस घर में घुड़सवारी करने की जगह है, स्वीमिंग पूल है, टेनिस कोर्ट है, मुर्गियों को रखने की जगह है और साथ ही 13 गाड़ियां रखने के लिए गाराज भी है।



## रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य, विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के नाम चार पदक

एजेंसी ▶▶| अंताल्या



धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता।

भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भगत महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गई। मिश्रित युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया। उन्होंने इटली के नौवें वरीय मार्को नेस्पोली को 7-3 (28-27, 29-28, 27-28, 28-28, 30-29) से हराया। यह विश्व कप में उनका दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने पिछले साल इसी स्थान पर प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में अपना पहला पदक जीता था। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व ओलंपिक टीम पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम वूजिन से हार गए थे। सेना के इस जवान को अंतिम चार मैच में 2-6 (29-29, 27-30, 29-29, 27-29) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### अंकिता 2-6 से हारी

*क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रहने वाली अंकिता ने सेमीफाइनल तक का सफर कर प्रभावित किया लेकिन यांग के खिलाफ दबाव के क्षणों में लय बरकरार नहीं रख सकी और 2-6 (26-30, 28-27, 26-27, 27-28) से हार गयी। कांस्य पदक मैच में अंकिता के सामने दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेजांद्रा वालेंसिया की चुनौती थी। वालेंसिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी को 3-7 (27-29, 26-27, 29-27, 29-29, 27-29) से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।*

### ओलंपिक में नहीं खेलेंगे लियोनल मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के विश्वकप विजेता फुटबॉलर लियोनल मेसी क्या अगले ओलंपिक में खेलते दिखाई देंगे? इस सवाल का जवाब मिल गया है। खुद मेसी ने स्पष्ट किया है कि वह इस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे। बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए दिग्गज फुटबॉलर ने कहा कि अब वो समय नहीं रहा कि वह हर टूर्नामेंट में खेल सकें। उन्होंने कहा कि अपने वर्कलोड को बहुत सावधानी के साथ मैनेज करने की जरूरत है। आठ बार बैलन डि ओर विजेता फिलहाल कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। अर्जेंटीनी टीम कोपा अमेरिका विजेता है और इस बार उसकी नजरें फिर से टूर्नामेंट में जीतने पर होंगी। कोपा अमेरिका टूर्नामेंट यूएस में 20 जून से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। लियोनेल मेसी 2008 के बीजिंग ओलंपिक्स में अर्जेंटीना के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

## रिचडर्स बोले- मेरी टीम नहीं जीती तो तुम्हारा साथ दूंगा

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड



भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में अब तक खेले सारे मैच जीते हैं। लगातार 4 जीत दर्ज करते हुए भारत ने सेमीफाइनल की टिकट लगभग पक्का कर लिया है शनिवार को बांग्लादेश को टीम इंडिया ने एकतरफा मुकाबले में हराया।

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने इस जीत के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा किया। वहां उन्होंने रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की हौसलाअफजाई करेंगे। रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आए थे। उन्होंने कहा, 'बेहतरीन प्रदर्शन। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं।

### क्रिकेट

## आज भारत से हारने पर आस्ट्रेलिया होगा बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्रोस आइलेट

■ टी20 विश्व कप सुपर आठ

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी।

अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। अफगानिस्तान से रविवार की सुबह को हारी 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए।


आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है।

### वेस्टइंडीज-अफ्रीका के बीच 'करो या मरो' का मुकाबला

**नॉर्थ साउंड।** मेजबान वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। सुपर आठ चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जाएगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जाएगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रनरेट पर टिका होगा। दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी।

## भारत के चार खिलाड़ियों को फ्रांस में रिकॉर्ड 32 पदक

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।




लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल मलिक ने 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, क्रॉस कंट्री और चार गुणा 100 मीटर रिले में पांच स्वर्ण पदक जीते जबकि मेजर जॉर्ज ने विभिन्न स्पर्धाओं में चार स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किये।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में बढ़ाएगा सुरक्षा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैंपियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। यूएफा ने कहा, 'पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की जाएगी।' पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान शनिवार को चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गए थे।

## यूरो 2024 : बेल्जियम ने रोमानिया को हराया

*टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलोन

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने के लिए पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इस जीत के बाद अब ग्रुप ई की चारों टीमों के तीन तीन अंक है और बुधवार को उन्हें आखिरी ग्रुप मैच खेलना है।

## नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर किया निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था।

नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्लूडब्लू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा के डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा, 'यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थायी रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail-modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक/2092/ खनिज/2023-24 दिनांक 07/06/2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए।

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विपिन कुमार साहू पता - मकान नं. 100, वार्ड नं. 15, मझौली, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 05/02/2024 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है, तथा आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है । उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकवा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | मझौली | रजबई | 19 | 1.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 1.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि ( एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

उप संचालक
खनिज प्रशासन
जिला - जबलपुर (म.प्र.)

G-12230/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




## गाय का कटा सिर मिलने से हड़कंप, अधिकारी मौके पर

# गौवंश हत्या की आंच कटंगी तक पहुंची

**जबलपुर।** मंडला सिवनी मे मचे गौवंश हत्या के कोहराम की आंच जबलपुर के कटंगी तक पहुंची। यहां के मोहला गांव मे गाय का कटा सिर मिलने से हंगामा मच गया। जैसे ही खबर फैली भीड़ जमा होने लगी, देखते देखते हिंदुवादी संगठन और फिर पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभाल लिया। मामले की जांच मे पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी थाना क्षेत्र के मोहला गांव में गाय का कटा सिर मिलने से हड़कंप मच गया है। सुबह जैसे ही यह जानकारी लोगों को मिली पूरे गांव की भीड़ जमा हो गई। कटंगी थाने की पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। इधर हिंदूवादी संगठनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। घटना की जानकारी बजरंग दल प्रखंड को लगी तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने में पहुंच गए। हालात को काबू करने के लिए आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह, एसडीओपी लोकेश डावर समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को भरोसा दिया कि जल्द ही इस मामले में आरोपित की गिरफ्तारी की जाएगी।



### बोरी में मिला गौवंश का सिर

कंटगी से चंद कदमों की दूरी पर मोहला गांव है। यहां पर सड़क किनारे एक खेत में मटमैली बोरी में कुछ संदिग्ध वस्तु होने की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंची और बोरी को खुलवाया तो उसमें एक गोवंश का सिर और शरीर के अवशेष मिले। जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, इसके साथ विटनरी के डाक्टरों से पीएम भी करवाया गया। पुलिस के मुताबिक दो से तीन दिन पुराने गौवंश के शरीर के अवशेष है। रविवार को राजघाट पौडी गांव के सरपंच सुनील कुमार ने कंटगी थाना पुलिस को जानकारी दी और बताया कि इंदर सिंह के खेत में बोरी में कुछ भरा हुआ है। पास ही गोवंश के शरीर के अवशेष भी है। जानकारी के बाद पुलिस और नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बोरी को खोलकर देखा गया तो बछड़े के शरीर के अवशेष मिले। जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना के निर्देश पर एडीएम नाथूराम और एएसपी सूर्यकांत शर्मा कटंगी पुहंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवंश के शरीर का पीएम करवाया जा रहा है। अभी तक की जांच में चार संदिग्ध लोगों के नाम सामने आए है, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## ढाबा की आकस्मिक जाँच में चार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर जप्त

**जबलपुर।** खाद्य विभाग द्वारा शनिवार को कटंगी बायपास रोड, कठौन्दा स्थित पाण्डव ढाबा की आकस्मिक जाँच की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे द्वारा की गई जाँच के दौरान ढाबा संचालक शोभित यादव भी मौजूद थे। जाँच करने पर ढाबा में एचपी कम्पनी के घरेलू प्रवर्ग (14.2 किलो क्षमता) के चार रसोई गैस सिलेंडर पाये गये। जाँच के दौरान ढाबा संचालक द्वारा गैस सिलेंडरों से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं किये गये। ढाबे में पाये गए चार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, दो अमानक रेगुलेटर, दो रबर पाइप आदि वस्तुओं को जप्त किया गया। जप्तशुदा गैस सिलेडरों को सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से विश्वनाथ गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे ने बताया कि ढाबा संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रवृत्त द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश-2000 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर प्रकरण तैयार किया गया है।



## महापौर ने की सीएम से भेंट नगर विकास पर हुई चर्चा

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर शहर विकास पर चर्चा और मांग पत्र सौंपा। महापौर ने बताया मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ शहर विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई एवं उन्होने आश्वासन दिया की जबलपुर के विकास में ना कभी कोई कमी आई है और ना ही भविष्य में आएगी। श्री अन्नू ने बताया मुख्यमंत्री के साथ बैठक में हर घर नर्मदा जल पहुंचाना, माँ नर्मदा में लगने वाले एसटीपी प्लांट का कार्य पूर्ण, 11 लाख वृक्षारोपण, सोलर योजना,डुमना नेचर पार्प, जबलपुर का नामकरण जाबालिपुरम करना, तालाबों, शमशान घाट, एवं अन्य भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। महापौर ने कहा मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया की जल प्लावन, जलसंकट एवं अधोसंरचना के लिए निरंतर कार्य योजना पर कार्य किया जाएगा।

### साइबर अपराधी केवायसी के नाम पर खाली कर रहे खाते

## रिटायर्ड कर्मियों के साथ ठगी का नया तरीका

**जबलपुर।** पुलिस की सायबर सेल ने पेंशन धारकों के लिए अलर्ट जारी किया हैं। सेल के अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठग सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन पर डाका डालने नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि आजकल साइबर आपराधियों द्वारा पेंशन धारकों को 'जीवन प्रमाण पत्र' ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल किया जा रहा है, उनके पास पेंशन धारकों का पूरा डेटा जैसे नियुक्ति का दिनांक, सेवानिवृत्ति का दिनांक, पीपीओ नंबर (पेंशनभोगी भुगतान आदेश संख्या), आधार कार्ड संख्या, स्थायी पता, ईमेल आईडी, सेवानिवृत्ति पर प्राप्त राशि, मासिक पेंशन, नॉमिनी आदि की जानकारी होती है। वे उन्हें इस पूरे डेटा के साथ कॉल करते हैं, ताकि पेंशन धारक को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वे पेंशन निदेशालय से हैं। वे पेंशन धारकों का पूरा डेटा बताते हुये उनका जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने हेतु ओटीपी साझा करने के लिए कहते हैं। एक बार जब पेंशन धारक फोन पर आये हुये ओटीपी को साझा कर देते हैं तो, जालसाजों को पेंशन धारक के बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है। जिसके बाद वे पेंशन धारक के खाते में जमा समस्त राशि को तुरन्त फर्जी बैंक खातों में स्थानांतरित कर देते हैं। साइबर सेल ने शहर के पेंशन धारकों को इस संबंध में जागरूक रहने की सलाह दी हैं। साइबर सेल के अधिकारियों ने बताया कि 'पेंशन निदेशालय' कभी भी किसी पेंशन धारक को उनका जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं करता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करता हैं। यह पेंशन धारकों का कर्तव्य है कि वे अपने जीवन प्रमाण पत्र को व्यक्तिगत रूप से पेंशन निदेशालय में जाकर अपडेट कराएं। इस तरह आने वाली फर्जी कॉलो से बचे व साइबर क्राइम सेल हजरतगंज लखनऊ को सूचित करें। सेल ने पेंशन धारकों से आग्रह किया हैं कि यह जानकारी पेंशन धारकों को जागरूक करने के लिए आवश्यक रूप से साझा करें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## अधीक्षण यंत्री कार्यालय का कांग्रेस करेगी घेराव आज

# स्मार्ट मीटर काटेंगे उपभोक्ताओं की जेब!

**जबलपुर।**

स्मार्ट मीटर लगने के बाद कथित तौर पर अधिक बिल आने को लेकर पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच जमकर तनातनी हुई बाद में मामले में बिजली चोरी और नेतागिरी व अन्य आरोप उभर कर सामने आए और उपभोक्ताओं की समस्या नेपथ्य में चली गई। अब कांग्रेस ने भाजपा को आड़े हाथों ले रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अपने कार्यकर्ताओं पर बीती तो पूरी भाजपा सड़क पर उतर आई। पिछले 10 सालों से विद्युत विभाग आम उपभोक्ताओं को लूट रहा है। उसकी चिंता भाजपा नेताओं को नहीं हुई। कांग्रेस ने अब चेतावनी दी है कि स्मार्ट मीटर में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और अनियमित्ता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर में कहीं भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे कांग्रेस का उसका विरोध करेगी। दराअसल स्मार्ट मीटर भविष्य में चलकर बेहद सिरदर्द बनने वाले हैं। लिहाजा आमजनता से अपेक्षा की गई है कि वे कांग्रेस के आंदोलन के साथ जुड़े और अपने हक की आवाज बुलंद करें। कांग्रेस एक एक विद्युत उपभोक्ता के हित में संघर्ष करने तैयार है। स्मार्ट मीटर के विरोध में आज शहर कांग्रेस कमेटी एसई (अधीक्षण यंत्री) कार्यालय का घेराव करने जा रही है। 24 जून सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी और सभी ब्लाको के साथ साथ कांग्रेस के सभी विंग इस घेराव में शामिल होंगे। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया किसभी ब्लाकों को और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता रामपुर आजाद चौक में एकत्रित होंगे वहां से जुलूस की शक्ल में मिशन कम्पाउंड स्थित विद्युत विभाग के एसई आफिस घेराव करने पहुंचेंगे।



### बिना परीक्षण लगाए जा रहे मीटर....

कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने आरोप लगाया कि नियमों के तहत पुराने मीटर के साथ अटैच करके नये मीटर लगाने थे। लेकिन मीटर लगाने का काम कर रही प्रायवेट कंपनी ने पूरे शहर में पांच चेक मीटर भी नहीं लगाए। यह स्मार्ट मीटर भविष्य में बेहद दुखदाई होने वाले हैं। सरकार की योजना है कि बाद में इन्हें प्रीपेड भुगतान से जोड़ दिया जाएगा। इस स्थिति में मीटर में बैलेंस खत्म होने पर मीटर तीन दिन पहले से चेतावनी देने लगेगा और उसके मैसेज मोबाईल पर आने लगेंगे। अभी होता यह है कि उपभोक्ता विशेषकर मध्यमवर्गीय और गरीब तबके का विद्युत उपभोक्ता बिल जमा करने में दो चार दिन लेट हो जाता है तो 10 रुपये के विलंब शुल्क के साथ उसका बिल जमा हो जाता है। लेकिन इन परिस्थितियों में अगर स्मार्ट मीटर का बैलेंस खत्म हुआ तो लाईट अपने आप कट जाएगी। जिसे चालू कराने के लिये उपभोक्ताओं को लोहे के चने चबाना पड़ेंगे। पहले कॉल सेंटर 1912 पर फोन लगाना होगा कि हमने बिल जमा कर दिया है। फिर बिल जमा करने की रशीद संबंधित डीई को शेयर करनी पड़ेगी। यह रशीद एसई से लेकर एई तक घूमने के बाद फिर 1912 कॉल सेंटर को ओके रिपोर्ट भेजेगी इस प्रक्रिया में 5-6 घंटे उपभोक्ता को बिना बिजली के गुजारने पड़ेंगे। हो सकता है ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा होने पर और भी समय लगे। श्री शर्मा ने कहा कांग्रेस मामले में राजनीति नहीं कर रही बल्की वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर काम कर रही है।

### पेटी कांट्रेक्ट में भारी भ्रष्टाचार

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर लगाने में जहां एक तरफ नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। वहीं भारी अनियमित्ताएं बरती जा रही हैं। श्री शर्मा के मुताबिक मोंटीकार्लो कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका दिया गया है। उसकी शर्तें में साफ शामिल है कि वो पेटी कांट्रेक्ट के जरिये ठेका नहीं पलटाएगा। इस नियम व शर्त का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि कांट्रेक्टर की लिस्ट कांग्रेस के पास उपलब्ध है। जो कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ सांठगांठ कर ठेके का काम ले रहे हैं। जो मोंटीकार्लो कंपनी के साथ किये गये अनुबंध का खुला उल्लंघन है। उन्हेंने कहा कि शर्तो का उल्लंघन करने वाली कंपनी का ठेका निरस्त होना चाहिये।

### जनता को नहीं देंगे लुटने, कांग्रेस ने नागरिकों से की उपस्थिति की अपील

कांग्रेस ने कहा है कि जबलपुर शहर की जनता को लुटने नहीं दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिये जाएंगे। जो लग गये हैं उन्हें उखाड़ने की मांग को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय का जंगी घेराव किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक तरुण भनोत विनय सक्सेना संजय यादव अभिषेक चौकसे चिंटू दिनेश यादव कपिल श्रीवास्तव, गुड्डू चौबे, संजय अहिरवार, गुड्डू तामसेतवार अनुज श्रीवास्तव पार्षद अमरीष मिश्रा संतोष पंडा अतुल बाजपेयी युका के विजय रजक मनोज नाम देव टीकाराम कोष्टा महिला कांग्रेस की कमलेश यादव रेखा जैन आदि ने सभी कांग्रेस जनों से घेराव प्रदर्शन में उपस्थिति की अपील की है।



# अफवाहों से पीएससी परीक्षा प्रभावित

**जबलपुर।** शहर में भी एमपीपीएससी 2024 की परीक्षा रविवार को दो पाली में आयोजित की गई। पहला पेपर सुबह दस से 12 बजे तक हुआ , वहीं दूसरा पेपर 2 से 4 बजे तक हुआ. 24 परीक्षा केन्द्राW में 11 हजार 518 स्टूडेंट शामिल हुए, जिनकी निगरानी करने के लिए चार एसडीएम व 600 टीचरों को लगाया गया था. इसके अलावा संभागीय पर्यवेक्षक भी परीक्षा केन्द्राW का लगातार भ्रमण करते रहे. लोकसेवा आयोग की गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा के दौरान स्टूडेंट के जूते, सेंडल, क्लेचर, हेयर पिन सहित अन्य सामान बाहर ही रखवा लिया गया. बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के कारण एमपीपीएससी परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया था. इससे पहले यह एग्जाम 28 अप्रेल 2024 को होना था. आयोजित की गई परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक विपिनचंद्र ब्यौहार 24 परीक्षा केन्द्राW में भ्रमण करते रहे. इस दौरान उन्होने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए थे कि परीक्षा के दौरान सभी स्टूडेंट के लिए पानी से लेकर जरुरी व्यवस्थाएं मुहैया कराई जाए. आयोग के नियमानुसार परीक्षा में पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवेदक को प्रवेश दिया गया. जिसमें मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, केंद्र व राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय व अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, पासपोर्ट, फोटो सहित बैंक पासबुक, शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी फोटो पहचान-पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय-पत्र इनमें से कोई एक परीक्षा केंद्र पर मान्य किया गया।

**11 हजार परीक्षार्थियों में से मात्र 7785 परीक्षार्थी आए**

## सॉफ्टवेयर में पूर्व वर्षों की जीपीएफ पर्ची भी हो डाउनलोड

**जबलपुर।** महालेखाकार ग्वालियर द्वारा कर्मचारियों की जी.पी.एफ. पर्ची सिर्फ उनके द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष की ही निकलती है जिससे कर्मचारियों को अपने खाते में जमा राशि को देखने की आवश्यकता पड़ने पर राशि निकालने पर पूर्व वर्षों की पर्ची नहीं निकलती है। यदि किसी कारणवश किसी माह की राशि गुमशुदा हो जाती है तो गुमशुदा कटौती का समायोजन हुआ है या नहीं यह भी ऑनलाईन पासबुक के अभाव में ज्ञात नहीं होता है। जिससे कर्मचारियों को वित्तीय हानि होती है। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए बताया किकर्मचारियों के अंतिम आहरण में सामान्य भविष्य निधि कार्यालय की कथित तौर पर मनमानी चलती हैं। उन्होंने मांग की कि नियुक्ति दिनांक से सामान्य भविष्य निधि पासबुक ऑनलाइन की जाए, जिससे कर्मचारियों को नियुक्ति के समय से वर्तमान समय तक जो भी उसके खाते में राशि जमा है या उसका आहरण किया गया है वह प्रदर्शित हो। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर रहीम, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, एनोस विक्टर, रऊफ खान, राम प्रसाद खनाल, राम प्रसाद दुबे, गुडविन चार्ल्स, निलेश खरे, फिलिप अन्थोनी, गोपी शाह, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, सुरेन्द्र चौधरी, उमेष सिंह ठाकुर, संतोष चौरसिया, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, आशीष कोरी, एस बी रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि खाता ऑनलाइन करने की मांग मुख्य मंत्री से की है।

**कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि खाता ऑनलाइन करने की मांग**

# बिना पढ़ाए लिखाए जारी कर दी आठवीं की फर्जी अंकसूची

**जबलपुर।**

शिकायतकर्ता गुरविंदर सिंह चड्ढा ने आरोप लगाया है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अनिवार्य शिक्षा नीति के आड़ में स्कूल गए पढ़ाई लिखाई किये बिना 17 वर्षीय छात्रा को कक्षा आठवीं की उत्तीर्ण (पास) की फर्जी अंक सूची जारी की गई। जिसमे जांनसन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल प्रचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी सीधे तौर पर शामिल है। फर्जी मार्केशीट मामले मे मोटी रकम के लेनदेन का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले शिकायत करता ने गुरविंदर सिंह चड्ढा जिला शिक्षा अधिकारी को लीगल नोटिस भी भेजा है। शिकायतकर्ता गुरविंदर सिंह चड्ढा का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अनिवार्य शिक्षा निती के आड़ में स्कूल गए बिना पढ़ाई लिखाई किये बिना जॉनसन इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल नर्मदा रोड ने 17 वर्षीय छात्रा को कक्षा आठवीं की उत्तीर्ण (पास)की फर्जी अंक सूची जारी की गई। इस मामले मे जब शिक्षा विभाग मे शिकायत की गई तो वहां से जांच के आदेश हुये। लेकिन जांच मे जिला शिक्षा अधिकारी धनश्याम सोनी ने भारी भरकम रकम लेकर प्रचार्या को क्लिन दे दी।

**डीईओ को लीगल नोटिस भेजा**

गुरविंदर चड्ढा ने आरोप लगाया है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अनिवार्य शिक्षा नीति के अधिनियम की आड़ लेकर मामले को रफा दफा किया गया। लेकिन अधिनियम मे साफ है कि वर्ष 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा देना है। लेकिन छात्रा दारा 2014 —15 में स्कूल में अध्ययन किया जाने के दौरान छात्रा की उम्र 17 वर्ष की थी। जो अपने आप में गैरकानूनी वह फर्जी अंकसूची होना दर्शाता है। गुरविंदर चड्ढा ने आगे संभागीय आयोग आयुक्त अभय वर्मा व कलेक्टर दीपक सक्सेना से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर जबलपुर की जनता के सामने एक मिसाल कम करें की सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों को किसी भी हालत में संरक्षण नहीं देती है।



# मूंग उड़द की शासकीय खरीदी नहीं होने से किसान परेशान

**जबलपुर।** भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मूंग उड़द की खरीद मे हो रही अनियमित्ताओ से अवगत कराया। पत्र मे कहा गया है कि इस वर्ष अभी तक मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर शासकीय खरीद प्रारम्भ नहीं होने से किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। वह मंडियो मे अपना मूंग 1500 से 2000/- कम भाव मे बेचने मजबूर हो रहा है। उसे बहुत घाटा उठाना पड़ रहा है। इस वर्ष मूंग उड़द के पंजीयन समय पर गिरदावरी पूर्ण न होने से प्रभावित हुए हैं। बहुत किसान पंजीयन से वंचित रह गये हैं। इस सम्बन्ध मे किसानों द्वारा अनेक बार गुहार लगाई गई, किसानों की परशानी और उनकी मांग के देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए पंजीयन तिथि बढ़ाने हेतु भोपाल उच्चधिकारियों को निवेदन पत्र भी प्रेषित किया गया, उसे भी संज्ञान मे नहीं लिया गया। मांग की गई कि किसानों को पंजीयन का एक और अवसर प्रदान किया जाये।. मूंग उड़द की शीघ्र ही खरीद प्रारम्भ करने आदेश जारी किये जाए।



# बारिश ने दी गर्मी से आंशिक राहत

**जबलपुर।**

मानसून के आगमन की आहट हो चुकी है लेकिन मानसून सक्रिय नहीं हो पाया है। रविवार को दोपहर में ऐसा लगा कि अब जोरदार बारिश होने वाली है। आसमान पर घने बादल छा गये और हवाएं चलने लगीं लेकिन हल्की बारिश शाम को हुई। जिससे उमस बढ़ने लगी थी। बारिश की दृष्टि से जबलपुर को यलो अलर्ट पर रखा गया है। लिहाजा अगले 24 घंटे के दौरान छुटपुट वर्षा हो सकती है। हवाओं की दिशा अगर सही रही तो एक दो दिनों में मानसून जबलपुर पहुंच सकता है। जबलपुर मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि वर्तमान में कई वर्षा प्रणालियां सक्रिय हैं। दक्षिण पश्चिम मानसून महाराष्ट्र के अमरावती तक पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल से सक्रिय मानसून ओडिशा होते हुए छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा तक पहुंच गया है। वर्तमान में हवा दिशा सकारात्मक है। हवा का साथ और यहीं गति रही तो मानसून प्रणाली दो से तीन दिन में छत्तीसगढ़ को कवर कर लेगी। छत्तीसगढ से बालाघाट के रास्ते मानसून जबलपुर में प्रवेश कर जाएगा। उसके बाद जबलपुर में प्रवेश कर जाएगा। प्री मानसूनी गतिविधियां आरंभ होने के साथ ही मौसम में परिवर्तन आया है। शनिवार को छिटपुट बूंदाबांदी के बाद रविवार को बादल मंडराते रहे। जिसकी वजह तेज गर्मी और धूप से आंशिक राहत महसूस हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। सूर्योदय प्रातकाल 5.26 बजे व सूर्यास्त सायंकाल 7 बजे हुआ। हवा में नमीं प्रातःकाल 73 प्रतिशत और सायंकाल 66 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सबसे अधिक 42.3 डिग्री तापमान निवाड़ी जिलें में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.3 और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उड़ीसा, झारखंड व छत्तीसगढ़ के ऊपर कम दबाव का क्षेत्रफल बनने से अगले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं छुटपुट वर्षा हो सकती है। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 प्रतिघंटे की रफ्तार से चली।

**जिले में हल्की वर्षा की संभावना**

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज से

**जबलपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जिला पंचायत द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 24 जून से 2 जुलाई तक विकासखण्ड स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला की शुरुआत सोमवार 24 जून को जनपद पंचायत कुंडम मुख्यालय में रोजगार मेला के आयोजन से होगी। रोजगार मेला के आयोजन की श्रृंखला में मंगलवार 25 जून को विकासखण्ड मुख्यालय शहपुरा में, बुधवार 26 जून को विकासखण्ड मुख्यालय मझौली में, गुरुवार 27 जून को जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत बरगी में, शुक्रवार 28 जून को जनपद पंचायत मुख्यालय पाटन में, सोमवार 1 जुलाई को विकासखण्ड मुख्यालय पनागर में तथा मंगलवार 2 जुलाई को विकासखण्ड मुख्यालय सिहोरा में रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किये जा रहे इन रोजगार मेला में 18 से 35 वर्ष की आयु के न्यूनतम दसवीं पास युवा भाग ले सकेंगे। ऐसे इच्छुक युवक-युवतियों को रोजगार मेला में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की कम्पनी एस आई एस अनूपपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, नवकिसान बायोप्लाण्टेक लिमिटेड जबलपुर द्वारा सेल्स ऑफिसर हेतु योग्यतानुसार साक्षात्कार के माध्यम से युवक-युवतियों का चयन किया जायेगा।

## राज्य वक्फ अधिकरण को नहीं था सुनवाई का अधिकार

# 21 साल पुराना आदेश हाईकोर्ट ने किया रद्द

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने राज्य वक्फ अधिकरण द्वारा 21 साल पूर्व पारित आदेश को अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में साफ किया कि इस मामले में सुनवाई का अधिकार न होने के बावजूद मनमानी की गई थी। याचाककर्ता राजधानी भोपाल निवासी याचिकाकर्ता रबाब बाई की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि भोपाल स्थित कब्रिस्तान की जमीन, जिसे मदारवाडा के नाम से जाना जाता है, अपने नाम पर दर्ज कराने के लिए मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने अतिरिक्त जिला न्यायालय के समक्ष आवेदन दायर किया था। न्यायालय ने प्रकरण को राज्य वक्फ अधिकरण को सुनवाई के लिए स्थानांतरित कर दिया था। अधिकरण ने सुनवाई करते हुए जुलाई 2001 को आदेश पारित किया था। याचिका में कहा गया कि राज्य वक्फ अधिकरण को उक्त मामला सुनने का अधिकार नहीं था। वक्फ अधिनियम 1995 के अनुसार पूर्व के प्रकरणों की सुनवाई राज्य वक्फ अधिकरण नहीं करेगा। राज्य वक्फ अधिकरण एक जनवरी, 1996 के बाद की सुनवाई करेंगा। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि जिला न्यायालय ने संशोधित नियम 1994 के तहत प्रकरण स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए थे। न्यायालय ने वक्फ बोर्ड 1995 के प्रविधानों को नहीं देखा। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य वक्फ अधिकरण ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाते हुए आदेश पारित किया है। एकलपीठ ने जिला न्यायालय को प्रकरण की नए सिरे से सुनवाई के निर्देश जारी किए हैं।



### पुलिस थाना बनाने के लिए बंद कर दिया खेत का रास्ता

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक याचिका के जरिये पुलिस थाना बनाने के लिए खेत का रास्ता बंद किए जाने के रवैये को चुनौती दी गई। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि याचिकाकर्ता एमपीएलआर कोड के अंतर्गत तहसीलदार के समक्ष आवेदन के लिए स्वतंत्र है। निवाडी जिले के ग्राम टीला निवासी सुमन वाजपेई की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उसके खेत में जाने का रास्ता शासकीय भूमि से निकलता था। जिस पर पुलिस थाने का निर्माण किया जा रहा है। लिहाजा, चारों तरफ दीवार बना दी गयी है। इसके चलते खेत में जाने का रास्त बंद हो गया है। हाई कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता को एमपीएलआर कोड के तहत तहसीलदार के समक्ष आवेदन करना था। याचिकाकर्ता की ओर से अंतरिम राहत चाही गई थी कि जब तक विवाद का निराकरण नहीं होता उसे खेत में जाने के लिए सरकारी जमीन के उपयोग की अनुमति प्रदान की जाए। एकलपीठ ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इंकार करते हुए अपने आदेश में कहा है कि रिट कोर्ट के फोरम का उपयोग अंतरिम राहत के उद्देश्य से नहीं किया जा सकता है। संबंधित प्राधिकरण ही मामले की सुनवाई करके कोई राहत देने में समर्थ है।

## समस्या देख विधायक ने जताई चिन्ता

# आबादी वाले क्षेत्र में हो रहा सम्पूर्ण नगर का कचरा डम्प

**पनागर।** नगर में स्थित 15 वार्डों का कचरा केवल गाँधी वार्ड के आवादी क्षेत्र में डम्प किया जा रहा है जो पनागर समस्या का विषय बना हुआ है। दिनांक 23 जून को क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी का सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में कार्यक्रम में आना हुआ उसी दौरान गांधी वार्ड के कुछ मरीजों से मुलाकात हुई एवं जैसे ही विधायक तालाबो के निरीक्षण हेतु बस्ती रोड से निकले तो रोड़ के किनारे कचरा का अम्बार लगभग पचासो टन दुर्गन्धित कचड़ा देख चिन्तित हुए और फिर गाँधी बार्ड में सैकडो लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई और वार्ड के लोगों ने विधायक को अपनी समस्या बताई।

### बदबू से क्षेत्रीय नागरिक परेशान, वायु प्रदूषण बढा



### बीमारियां फैलने का खतरा

पनागर स्वास्थ केन्द्र के जानकार अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश के समय में यह कचड़ा सड़ता है ओर बदबू फैलाता है और फिर आसपास के लोग बीमार होते है। इसी के कारण उल्टी दस्त हैजा मलेरिया प्लेग जैसी बीमारी जन्म लेती है एवम इस गंदगी की रोकथाम आवश्यक है।

### दो दिन में कचरा अलग नहीं हुआ तो आंदोलन

समस्या से परेशान लोगो ने जब क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की एवं जब विधायक ने मौके पर जाकर समस्या देखी और उचित अधिकारियों से सम्पर्क किया और इस समस्या से अवगत कराया साथ ही नगर मण्डल ने अपनी जारी विज्ञाती में बताया कि मंगवार 25 जून को नगर पालिका पनागर में क्षेत्रीय लोगो के साथ उग्र आन्दोलन किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी! विधायक सुशील तिवारी ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों ने मुझे इस समस्या से अवगत कराया और जब मेने, मौके में जाकर देखा तो यह बडी समस्या थी मेने नगर पालिका अधिकारी को तुरंत कचडा हटाने के सम्बंध में आदेशित किया ताकि मौषम को देखते हुए क्षेत्रीय जन बीमार होने से बचे ओर समस्या से राहत प्रदान हो। आशीष शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि दो दिन के अंदर पूरा कचरा उठाकर नगर के बाहर भेजा जावेगा और अब कचरे को उस क्षेत्र में नहीं डाला जावेगा। जिससे आम जन को परेशानी ना हो।

### नगरपालिका की लापरवाही

15 वार्डो का कचरा एक ही जगह इकट्ठा किया जा रहा जो कि वर्तमान में आबादीय क्षेत्र है। पनागर के अंकुर जैन सर्वेश मिश्रा आनंद जैन सचिन पटेल, मुकेश वंशकार, , पवन पटेल, रामनिवास गौतम, बद्री कोरी, शिवा सेन, राजा जैन, ओमकार दाहिया संतोष सैनी, अदि ने बताया की बरसात के पानी के कारण यह कचड़ा सड़ गया है। और इसकी बदबू से आस पास के लोग बीमार हो रहे है वर्षो से यहाँ रहवासियो की माँग है कि कचड़े को नगर के बाहर डम्प किया जावे यां शहरी क्षेत्र के कचरा स्थानों में भेजा जाते। लेकिन नगर पालिका द्वारा आज तक इस विषय में कोई पेशकश नही की गई है जो कि एक बडी और जटिल समस्या बनी हुई है।

### गाय खाती है प्लास्टिक होती है बीमार

गाँधी वार्ड गो उपचार केन्द्र के संचालक बंटी पटेल ने बताया सामने ही कचरे का अम्बार लगा हुआ है। एवं गाये इस कचडे को खाती है। और अधिक प्लास्टिक के सेवन के कारण कुछ समय में उनकी मौत हो जाती है जिससे प्रदुषण होता है।



# पाटन न्यायालय परिसर में लगाये फलदार एवं औषधीय पौधे

**पाटन।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पंच-ज योजना अंतर्गत 5 जून से 15 अगस्त 2024 तक विशेष वृक्षारोपण अभियान के तहत शनिवार को तहसील विधिक सेवा समिति पाटन द्वारा सिविल न्यायालय पाटन में न्यायालय परिसर में फलदार एवं औषधीय वृक्षों के पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान कैलाश शुक्ल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री दशरथ सिंह भिड़े, श्रीमती उजाला झा शुक्ला व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ श्री रघुवीर सिंह, न्यायालय के अधिवक्तागण, सिविल न्यायालय पाटन के कर्मचारीगण एवं तहसील विधिक सेवा समिति पाटन के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही उपजेल पाटन में भी माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री कैलाश शुक्ल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री दशरथ सिंह भिड़े, श्रीमती उजाला झा शुक्ला व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं उपजेल अधीक्षक श्री हिमेन्द्र बाघरी द्वारा फलदार एवं औषधीय वृक्षों के पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान श्री शुक्ल द्वारा कहा गया कि पेड़ पर्यावरण के प्रमुख एवं हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं । पेड़ प्रकृति का दिया हुआ बहुत बड़ा वरदान है, पेड़ों से हमे ऑक्सीजन मिलती है जिससे सभी प्राणी जीवित रहते हैं। पेड़-पौधों से फूल, फल, लकड़ी, छाया और गुणकारी औषधियां प्राप्त होती हैं। पेड़ लगाना हम सब का कर्तव्य है। आओ हम सब मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लें।



# जबलपुर रेल मंडल में चलाया गया पल्स पोलियो अभियान

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे, रेल चिकित्सालय जबलपुर मुख्य चिकित्सक अधीक्षक श्रीमती निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में आज जबलपुर मंडल की सभी रेलवे कॉलोनी, एवं सभी स्टेशनों पर मध्य प्रदेश शासन के साथ मिल कर पल्स पोलियों अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान में मुख्य जिला आयुक्त श्री सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक , जिला आयुक्त सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी , जिला आयुक्त गाइड श्रीमती राजश्री द्विवेदी मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, सहायक जिला आयुक्त शची पति नंदन सहा कार्मिक अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड जबलपुर मंडल के सभी सदस्यों के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# तय समय सीमा में हो चालान तामील

## *बैठक में एएसपी क्राइम के निर्देश*

**जबलपुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध (एएसपी क्राइम) समर वर्मा ने कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला सत्र न्यायालय से प्राप्त होने वालों समंस व वारंट को रजिस्टर में विधिवत चढ़ाया जाये और थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए समयावधि में तामील करते हुए एक दिन पूर्व माननीय न्यायालय को भेजें ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। अति. पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा कंट्रोल रूम में चालान डय़ूटी आरक्षक, प्रधान आरक्षक एवं समंस वारंट मददगार की बैठक ले रहे थे। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने थानों के चालान डय़ूटी आरक्षक प्रधान आरक्षक एवं समंस वारंट मददगार की व्यवहारिक समस्याओं को सुना। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक अपराध श्री वर्मा ने चालान डय़ूटी में लगे आरक्षकों व प्रधान आरक्षकों को निर्दा दिए कि थाने में जो भी चालान पेश करने हेतु आवको प्राप्त होते हैं उन्हें माननीय न्यायालय में पेश करें। पेश करने में कोई समस्या आती है तो तत्काल अपने थाना प्रभारी को बतायें। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा व अति. पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप शेण्डे मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम में आज होंगे शामिल

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रानी दुर्गावती समाधि स्थल पर पूजन एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद कार्यक्रम स्थल वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर रानी दुर्गावती पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। साथ ही कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धमेन्द्र सिंह लोधी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव



सोमवार को सुबह 10.35 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और सुबह 10.40 बजे हेलिकॉप्टर से नर्रई नाला प्रस्थान करेंगे । डॉ यादव सुबह 10.55 बजे नर्रईनाला पहुँचेंगे और रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे । मुख्यमंत्री सुबह 11.30 बजे नर्रई नाला से हेलीकॉप्टर द्वारा डुमना एयरपोर्ट रवाना होंगे और डुमना एयरपोर्ट से कार द्वारा सुबह 11.45 बजे वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड के लिये प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 11.55 बजे वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड पहुंचेंगे और यहाँ आयोजित वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ दोपहर 2.20 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे ।

# पुरानी रंजिश पर पड़ोसियों में झगड़ा

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर



पत्नी पत्नी ने अपने पड़ोसी पर डंडो से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई पड़ोसी की पत्नी भी इस हमले में घायल हो गई। घटना के बाद घायलों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरखेड़ा निवासी उदय यादव के पड़ोसी रामप्रसाद यादव और मिथला बाई यादव पुरानी रंजिश को लेकर कल रात 11 बजे घर के सामने आकर गाली गलौच करने लगे। उदय के पिता नंदू यादव बाहर निकले तो उन्होंने हल्ला करने से मना किया। इसपर रामप्रसाद ने नंदू के सिर और पैर में डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी भी घायल हो गई। उसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 324, 506 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## गुंडा टैक्स नहीं देने पर चाकू मारा

कोतवाली थाना अंतर्गत दीक्षित पुरा में शराब पीने के लिये रुपये नहीं देने पर एक बदमाश ने युवक को न केवल जातिगत रूप से अपमानित किया बल्की उसपर हमला भी किया। जिससे उसके हाथ में चोट आ गई। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलत दमोह जबेरा निवासी 20 वर्षीय राहुल सिंह ठाकुर यहां दीक्षित पुरा में किराये के मकान में रहता है, कल रात 11 बजे क्षेत्र के ही योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डा ने उससे शराब पीने के लिये 5 सौ रुपय की मांग की। मना करने पर गाली गलौच करते हुये चाकू से उसकी आंख के पास हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 294, 324,506 भादवि तथा 3(1)द,)द,(1)ध, 3(2)व्ही ए एससीएसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बाईक सवारों से 315 पाव मदिरा जब्त

पाटन पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर रमपुरा तिराहे पर दबिश देकर मोटर साइकिल सवार युवकों के पास से थैले व कार्टून में रखी 315 पाव देशी शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर शराब परिवहन में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की गई। पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि एक लाल रंग की मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 50 एम एस 0415 में दो लोग कटंगी की ओर से अधिक मात्रा में शराब लेकर पाटन की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रमपुरा तिराहे पर दबिश दी तो कुछ देर में मुखबिर के बताये नंबर की मोटरसाइकिल में दो लोग आते दिखे। मोटर साइकिल में सामने एक थैला रखा था तथा पीछे बैठा व्यक्ति सीट के बीच में 3 कार्टून पकड़े हुए था। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी कर रोका। पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम करन सिंह राजपूत व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजमेर सिंह गौंड़ बताया। पुलिस ने थैले व कार्टून में रखे 315 पाव देशी शराब जब्त की है।

## चाकू रखकर घूम रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

जबलपुर। जिला पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान अवैध कारोबार करने वालों की धड़पकड़ की इस दौरान 11 आदतन अपराधियों पर धारा 110 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। वहीं तीन चाकूबाज भी पकड़े गये। वाद विवाद करने वाले 79 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 24 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार 10 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 41 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 403 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 33 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये ।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

बरेला थानांतर्गत सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने कल मेडीकल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया गया। बरेला पुलिस ने बताया कि बरगी हिल्स निवासी दयाराम काछी कल बरेला में सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसे इलाज हेतु मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कल इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

## युवक ने लगाई फांसी

अधारताल थानांतर्गत संस्कार कालोनी में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। अधारताल पुलिस ने बताया कि संस्कार कालोनी निवासी दिलीप खटवानी को पुत्र कृष्णा खटवानी ने कल रात घर में पंखे के हुक में चुनरी का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक 2-3 दिनों से काम पर नहीं जा रहा था।

## कलेक्टर एवं एसपी ने लिया बलिदान दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित प्रवास को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर दीपक सक्सेबना व पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने नर्रई नाला स्थित समाधि स्थरल और वेटरनरी ग्रांउड की व्यबवस्था ओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दोनों कार्यक्रमों की संपूर्णव्यवस्था ओं का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीती यादव, एडीएम श्री नाथूराम गौंड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## *बेलगाम स्कूटी की टक्कर से तीन घायल*

**जबलपुर।** खमरिया थानांतर्गत कल रात लगभग 9.30 बजे अमझर में हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना में गिरने से मोटरसाइकिल चालक व पीछे बैठी महिला व एक अन्य को चोटें आई है। आरोपी स्कूटी चालक पर धारा 279, 337 का मामला दर्ज कर तलाश जारी है। खमरिया पुलिस ने बताया कि ग्वारीघाट निवासी चैन सिंह पटेल, शिवम व कौशल बाई के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर बघराजी से वापस आ रहे थे। रात लगभग 9.30 बजे अमझर में हनुमान मंदिर के पास स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड ए 0943 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना में गिरने से चैन सिंह पटेल, शिवम व कौशल बाई घायल हो गए।

**श्री रवींद्र नाथ चटर्जी-** बंगाली कॉलोनी रांझी निवासी श्री रवींद्र नाथ चटर्जी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई बारी-** आमनपुर नरसिंह वार्ड मदनमहल निवासी श्री रामा प्रसाद बारी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई बारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक पाल-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री अशोक पाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा केवट-** द्वारका नगर चुंगी चौकी निवासी श्री दीपक केवट की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा केवट (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा ठाकुर-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राम सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना बर्मन-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री सोने लाल बर्मन के पुत्र श्री मुन्ना बर्मन (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवी प्रसाद राय-** मिलौनीगंज निवासी श्री देवी प्रसाद राय (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पन्ना लाल विनोदिया-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री पन्ना लाल विनोदिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश प्रसाद कनौजिया-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री महेश प्रसाद कनौजिया (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा यादव-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री मंगल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री टीकेजी नायर-** सर्रापीपल रांझी निवासी श्री टीकेजी नायर (82) का निधन हो गया। अंतिम




संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला बाई मार्वे-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री डोरी लाल मार्वे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई मार्वे (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार राजपूत-** इंद्रा नगर व्हीकल मड़ई निवासी श्री विनोद कुमार राजपूत (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्नेहलता भलावी-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री देवेंद्र कुमार भलावी की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता भलावी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री अशोक श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रकाश पाण्डे-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री राम प्रकाश पाण्डे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री **दीपक रजक-** बिलहरी निवासी श्री दीपक रजक (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा कुमारी नागराज-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री रामू नागराज की धर्मपत्नी श्रीमती उषा कुमारी नागराज (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती माया चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम दास चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती माया चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सारवान-** पाटबाबा रोड जीसीएफ निवासी श्री विजय सारवान (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### नए घरों की आपूर्ति 13 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** देश में आम चुनाव के कारण बिल्डरों ने कम संख्या में परियोजनाएं शुरू की हैं। ऐसे में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान नौ प्रमुख शहरों में नयी आवासीय इकाइयों की आपूर्ति में 13 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण फर्म प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी।

### एफपीआई ने शेयरों में 12,170 करोड़ डाले




**नई दिल्ली।** आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

### बीआईआई करेगी 30 करोड़ डॉलर का निवेश

British International Investment

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट भारत के इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र पर बड़ा दांव लगा रही है। ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान बीआईआई के प्रबंध निदेशक एवं प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार प्रमुख अभिनव सिन्हा ने कहा कि हम भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र में अगले तीन साल में 30 करोड़ डॉलर का और निवेश करेंगे।

### चालू वित्त वर्ष में 20 लाख एसी बेचने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर विनिर्माता कंपनी डाइकिन को चालू वित्त वर्ष (2024-25) में देश में अपनी एसी की बिक्री 20 लाख इकाई रहने की उम्मीद है। कंपनी की योजना भारत को विनिर्माण केंद्र बनाकर निर्यात के अधिक अवसर तलाशने की है। कंपनी ने इस साल के पहले तीन महीनों में आवासीय एयर कंडीशनर की सात लाख इकाइयां बेची हैं।

### डीजीएफटी, राजस्व विभाग मिलकर कर रहे काम

Directorate General of Foreign Trade

**कोलकाता।** देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसके तहत देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात की प्रक्रिया को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

### एस्सार को अंतिम मंजूरियों का इंतजार




**नई दिल्ली।** एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में लगभग 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के एक शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी अब किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

# एक जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से पेमेंट का सिस्टम, पड़ेगा जेब पर असर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हर महीने की तरह जुलाई 2024 का महीना भी कई बड़े बदलाव लेकर आने वाले हैं। ऐसे में अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो ये आपकी जेब पर असर डाल सकता है। दरअसल, सात दिन बाद यानी 1 जुलाई 2024 से क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिये बिल पेमेंट में परेशानी आ सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्लेटफॉर्म शामिल हैं। आइए जानते हैं कि आरबीआई ने ऐसा क्या बदलाव किया है और इससे यूजर्स की जेब पर क्या असर पड़ने वाला है?

- क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्लेटफॉर्म शामिल

## जुलाई से लागू होंगे आरबीआई के नए नियम, होंगे कई बदलाव

### क्या है भारत बिल पेमेंट सिस्टम

भारत बिल पेमेंट सिस्टम बिल पेमेंट का इंटीग्रेटेड सिस्टम है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है। यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई के अंतर्गत काम करता है। यूपीआई और रूपे की तरह बीबीपीएस को भी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बनाया है। भारत बिल-पे एक ऐसा इंटरफेस है, जो क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क, भीम, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे ऐप पर मौजूद है। इसके जरिए एक ही प्लेटफॉर्म पर सारे बिल का पेमेंट किया जा सकता है।



### कई बैंकों ने नहीं किया एक्टिवेट

केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई डेडलाइन के बाद भी अब तक कई ऐसे बड़े बैंक हैं जिन्होंने नए बदलाव के तहत अपने रूल चेंज नहीं किए हैं। आरबीआई के नए बदलाव के मुताबिक, अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट एक्टिव किया है। इसमें एसबीआई कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा कार्ड, कोटक महिंद्रा बैंक, फेडरल बैंक और इंडसइंड बैंक आदि नाम शामिल हैं.

### क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में हुआ बदलाव

जून का महीना खत्म होने वाला है और हफ्तेभर बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। इस बीच देश में कुछ बड़े बदलाव होने जा रहे हैं और इनमें एक बड़ा बदलाव क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले बिल पेमेंट्स से जुड़ा हुआ है। आरबीआई के मुताबिक, 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस के जरिए किए जाने चाहिए। उसके बाद से सभी को भारत बिल पेमेंट के माध्यम से बिलिंग करनी होगी।


## एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।

बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपए घट गई।



### बाजार पूंजीकरण

| कंपनी या बैंक | घटा-बढ़ा | कुल राशि |
|---|---|---|
| एचडीएफसी | +52,091.56 | 12,67,056.69 |
| आईसीआईसीआई | +36,118.99 | 8,13,914.89 |
| इन्फोसिस | +17,915.43 | 6,35,945.80 |
| रिलायंस | -32,271.31 | 19,66,686.57 |
| एलआईसी | -27,260.74 | 6,47,616.51 |
| आईटीसी | -14,357.43 | 5,23,858.91 |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | -8,904.95 | 5,73,617.46 |
| टीसीएस | -8,321.6 | 13,78,111.45 |
| भारती एयरटेल | -7,261.72 | 8,04,262.65 |
| भारतीय स्टेट बैंक | -3,391.35 | 7,46,454.54 |

(नोट : राशि करोड़ रुपए में)

### वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा


मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सप्ताह के दौरान शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी सप्ताह के दौरान निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'इस सप्ताह, बजट से जुड़ी चर्चाओं के बीच क्षेत्र विशेष गतिविधियों की उम्मीद है। मानसून की प्रगति पर सभी की निगाह रहेगी। निकट अवधि में इससे निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है।'

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी



बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

# बीओबी ने रखा तकनीकी टीम को दोगुना कर 3,000 करने का लक्ष्य




एजेंसी ▸▸| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने अगले दो साल में अपने प्रौद्योगिकी कर्मचारियों की संख्या को दोगुना कर 3,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देवदत्त चंद ने एजेंसी को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 1,500 कर्मचारियों की मौजूदा टीम को नियमित भर्ती प्रक्रियाओं और सीधे विशेषज्ञ प्रतिभाओं की नियुक्तियों के जरिए बढ़ाया जाएगा।

चंद ने मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कहा, 'अगले दो वर्षों में हम अपनी आईटी टीम में लोगों की संख्या को दोगुना कर देंगे। उन्होंने कहा कि हाल में, भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रौद्योगिकी संरचना में कमी के लिए बैंकों पर सख्त कार्रवाई की है, जिससे लेनदेन को निष्पादित करने की क्षमता प्रभावित हुई है।

### जरूरतों के अनुसार नियुक्ति होगी: चंद

चंद ने कहा कि बैंक ने 1,500 नियमित कर्मचारियों के अलावा, आईटी कार्यों के लिए अनुबंध पर कर्मचारी भी रखे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक आईटी पेशेवरों की अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए मौजूदा जरूरतों के अनुरुप प्रतिभाओं को नियुक्त करना चाहता है।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग बढ़कर 240 अरब डॉलर होगी : सीआईआई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और 'सब-असेंबली' की मांग 2030 तक पांच गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है। रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, "पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।



- मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि कलपुर्जे शामिल हैं

### 51.6 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना

रिपोर्ट में बैटरी (लिथियम-आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल (एनक्लोजर आदि), डिस्प्ले और पीसीबी के घटकों और उप-संयोजनों को भारत के लिए उच्च प्राथमिकता के रूप में चिन्हित किया गया है, जो 2022 में घटकों की मांग का संचयी रूप से 43 प्रतिशत हिस्सा था और 2030 तक 51.6 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया, "इन घटकों का भारत में या तो नाममात्र उत्पादन होता है या फिर ये भारी मात्रा में आयात पर निर्भर होते हैं। प्राथमिकता वाले घटकों के आयात की इस प्रवृत्ति को बनाए रखना देश के हित में नहीं है।"

# सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के 'एक्स' खाते से छेड़छाड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आधिकारिक खाते से छेड़छाड़ की गई है। बैंक ने रविवार को अपने ग्राहकों से कहा है कि जब तक यह बहाल नहीं हो जाता, वे सोशल मीडिया हैंडल का इस्तेमाल न करें। बैंक ने बयान में कहा, केनरा बैंक सभी संबंधित लोगों को सूचित करना चाहता है कि बैंक के आधिकारिक 'एक्स' खाते के साथ छेड़छाड़ की गई है। सभी संबंधित टीमें मामले की जांच कर रही हैं और जल्द से जल्द केनरा बैंक के एक्स हैंडल तक पहुंच प्राप्त करने के लिए एक्स के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

# जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

- जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन करने का विकल्प होगा।

जीएसटी परिषद ने शनिवार को अपनी बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1ए के जरिए एक नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रजत बोस ने कहा कि अनुपालन के नजरिये से यह एक सकारात्मक बदलाव है और इससे व्यापार करने में आसानी होगी। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए गए विवरण में संशोधन की अनुमति देने से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

## दीन दयाल गैस क्षेत्र के लिए भागीदार की तलाश...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन अब बंगाल की खाड़ी के केजी बेसिन में दीन दयाल गैस क्षेत्र को 'बचाने' के लिए भागीदारों की तलाश कर रही है। कंपनी इस क्षेत्र पर करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर चुकी है और सात साल में उसे काफी सीमित सफलता मिली है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी ने 12 जून को इस क्षेत्र में भागीदार के रूप में जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता वाली तथा वित्तीय रूप से मजबूत वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों से रुचि पत्र मांगे हैं।

# सेवा कर परिषद करेगी 3 मंत्री समूहों का पुनर्गठन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि शनिवार को जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए।

- 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हुए

जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को आयोजित की गई थी।

परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा।

### फरवरी में पुनर्गठन किया गया

जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। जीएसटी से प्राप्त राजस्व के विश्लेषण पर गठित मंत्री समूह में ओडिशा से नए वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है। ओडिशा में भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतकर इसी महीने सरकार बनाई है।

## भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं अदाणी समूह के मालिक

# अदाणी को मिला सिर्फ 9.26 करोड़ रुपए का वेतन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 9.26 करोड़ रुपए का वेतन (पारिश्रमिक) मिला है, जो उद्योग के उनके अन्य समकक्षों की तुलना में काफी कम है।

- दुनिया के अमीरों की सूची में अंबानी 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर

अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि बंदरगाह-से-ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह की 10 में से केवल दो फर्मों से अदाणी (61) ने वेतन लिया। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से 2023-24 में उन्हें वेतन के रूप में 2.19 करोड़ रुपये और लाभ और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख रुपए प्राप्त हुए। एईएल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2.46 करोड़ रुपए का उनका कुल वेतन इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है।


### कुल संपत्ति 106 अरब डॉलर

'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स' के अनुसार, अदाणी की कुल संपत्ति 106 अरब अमेरिकी डॉलर है। वह एशिया का सबसे अमीर व्यक्ति बनने के लिए अंबानी के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वह 2022 में सबसे अमीर एशियाई बन गए थे लेकिन अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद पिछले साल उनके समूह की कंपनियों के शेयरों का मूल्य 150 अरब डॉलर तक घट गया था। इस साल वह दो बार अंबानी से आगे निकले। हालांकि, अब वह फिर दूसरे स्थान पर हैं। दुनिया के अमीरों की सूची में अंबानी 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर हैं। वहीं अदाणी इस सूची में 14वें स्थान पर है।



*दिग्गजों से काफी कम है वेतन : अदाणी का वेतन भारत के लगभग सभी बड़े परिवार के स्वामित्व वाले समूहों के प्रमुखों से कम है। देश के सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी कोविड-19 के बाद से कोई वेतन नहीं ले रहे हैं। इससे पहले उनका वेतन सालाना 15 करोड़ रुपये तक सीमित था। अदाणी का वेतन दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल (2022-23 में 16.7 करोड़ रुपये), राजीव बजाज (53.7 करोड़ रुपये), पवन मुंजाल (80 करोड़ रुपये), एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन और इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल एस पारेख से काफी कम है।*

### भारतीय कपास के निर्यात में 67% वृद्धि की उम्मीद



**मुंबई।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है।

## चिंतन

# विकास परियोजनाओं में धांधलियों पर लगे रोक

विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और देरी दोनों अक्षम्य हैं। बिहार में एक सप्ताह से भी कम समय में तीन निर्माणाधीन पुल ढहे हैं, कुछ ही महीनों में बिहार में सात पुल ढहे। पुल दर पुल का ढहना दर्शाता है कि निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल हुआ और जिम्मेदार लोग आंख मूंदे रहे। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार को एक निर्माणाधीन छोटा पुल ढह गया, जो राज्य में एक सप्ताह से भी कम समय में तीसरी ऐसी घटना है। इससे पहले मंगलवार को अररिया जिले में करीब 180 मीटर लंबा नवनिर्मित पुल ढह गया था। कमाल है कि करोड़ों के एस्टीमेट से पुल निर्माण के कार्य होते हैं, इसके बाद भी अगर पुल गिर जाय, तो पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आती है। कभी कभार किसी पुल का गिरना हादसा हो सकता है, लेकिन निर्माण के दौरान ही या निर्माण के तुरंत बाद पुल का गिर जाना भ्रष्टाचार होने को पुख्ता करता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शायद सख्त प्रशासन देने में नाकाम साबित हो रहे हैं, उनकी सरकार में लगातार पुलों का इस कदर गिरना, नीतीश शासन में उनकी नाक के नीचे पल रहे कदाचार का संकेत दे रहा है। बिहार सरकार को पुल समेत सभी विकास कार्यों की गहन समीक्षा करनी चाहिए, निर्माण की गुणवत्ता के लिए उच्च स्तर के पैरामीटर बनाने चाहिए, धांधली में लिप्त दोषियों के खिलाफ सजा सुनिश्चित करनी चाहिए। यूं पुल गिरते रहे, तो नीतीश सरकार की छवि भ्रष्ट सरकार की बन जाएगी। खास बात है कि बिहार में केंद्र सरकार की भी कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, अगर स्थानीय स्तर पर इनमें भी कदाचार बढ़ा तो इससे न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान होगा, बल्कि सड़क, पुल जैसे सार्वजनिक चीज प्रयोग करने वालों को भी जानमाल का नुकसान होगा। सड़क पुल जैसे विकास कार्यों में देश भर में कदाचार व्याप्त है। यह एक गंभीर मामला है, इसे सरकार को, निर्माण कराने वाली सरकारी एजेंसियों को गंभीरता से लेनी चाहिए। ऐसे ही बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 831 परियोजनाओं में से 245 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 188 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 831 परियोजनाओं में विलंब का औसत 35.1 महीने है। विकास परियोजनाओं का समय पर पूरा होना जरूरी है, इससे लागत बढ़ने के रूप में सरकार पर अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा। परियोजनाओं में देरी के पीछे भी भ्रष्टाचार एक कारण है। विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर नियम बनाने व लागू करने होंगे।



# नए आर्थिक सुधार से हासिल होंगे लक्ष्य

तीसरी अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ने के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ने के नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दौरान गठबंधन सरकार के सभी दलों के साथ समन्वय व सामंजस्य के नए प्रतिमान स्थापित करने के साथ आर्थिक सुधारों को जारी रखते हुए देश को आगे बढ़ाएंगे।

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ने के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत को यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं।

गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ने के नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगा। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूर्वानुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। इतना ही नहीं दुनिया में अगला दशक भारत का होगा। वैश्विक वृद्धि में भारत की भागीदारी करीब 20 प्रतिशत होगी। दुनियाभर में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई का लाभप्रद नया रिकॉर्ड बना है। जहां भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। ऐसे में भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है। पिछले दिनों दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद




की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही और अब अगले तीन साल में 7 फीसदी के करीब होगी।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार की वैश्विक आर्थिक अहमियत पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच एक बार फिर जी-7 के शिखर सम्मेलन में दिखाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी को इटली में आयोजित जी-7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली में जी-7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में जी-7 बैठक बेहतर वैश्विक मंच साबित हुई है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई प्रभावी बातें कहीं। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की भी मांग की साथ ही हरित युग को अपनाने की अपील की है। इस मौके पर उन्होंने दुनिया के प्रमुख नेताओं से जो द्विपक्षीय बातचीत की उसके भी अच्छे परिणाम दिखे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा रूस से युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिये हल करना ही बेहतर है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने इटली, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय वार्ताएं भी की। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। जी-7 सम्मेलन में कहा गया है कि खासतौर पर आईएमईसी को मूर्तरूप देने के लिए समन्वय और वित्तपोषण पर जोर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में पेश किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की बढ़ी अहमियत से चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में और अधिक उभरकर सामने आएगा। नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की संभावनाएं रखती है। निश्चित रूप से इस समय घटते हुए वैश्विक निर्यात और घटते वैश्विक व्यापार के बीच भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 776.68 अरब डॉलर रहा है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दौरान गठबंधन सरकार के सभी दलों के साथ समन्वय व सामंजस्य के नए प्रतिमान स्थापित करने के साथ आर्थिक सुधारों को जारी रखते हुए देश को आगे बढ़ाएंगे। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी महंगाई नियंत्रण और रोजगार वृद्धि को अधिक प्राथमिकता देते हुए एक ऐसी मजबूत सरकार को आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगे जो गरीब कल्याण व सामाजिक न्याय के ऊंचे प्रतिमानों से आम आदमी की मुस्कुराहट बढ़ा सकेगी। हम उम्मीद करें कि मोदी एक दृढ़तापूर्वक रणनीतिक प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उन्हें कार्यान्वित करने वाली ऐसी क्षमतावान सरकार को आगे बढ़ाएंगे जो भारत को 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा सकेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दक्षिण अफ्रीका चुनाव

आर.के. सिन्हा




# भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस, डेमोक्रेटिक एलायंसऔर अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं। एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया, लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्त्रोत है। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी। अतः ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधान्मत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य फ्रीकी देशों से संबंध मजबूत करेगा।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मज्ञान का अर्थ है जीवन को गहराई से जीना



संकलित
**दर्शन**

आत्मज्ञान का अर्थ है जीवन को गहराई से जीना, किसी भी परिस्थिति में तनाव में न आना, परिस्थितियों और स्थितियों से प्रभावित होने के बजाय उन्हें प्रभावित करने में सक्षम होना। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। अज्ञानता से छुटकारा पाना एक उपलब्धि है लेकिन आत्मज्ञान हमारा स्वभाव है। हमारा मन हमेशा इस बात पर केंद्रित रहता है कि हम क्या चाहते हैं और हम हर समय कुछ न कुछ पाने की चाह में व्यस्त रहते हैं। एक चाहत खत्म होने से पहले ही दूसरी आ जाती है, वे कतार में खड़े होते हैं! जब हम अपने मन की इसी प्रकृति पर विचार करते हैं, तो सवाल उठता है कि 'जीवन का उद्देश्य क्या है?' यही सवाल मनुष्य होने की निशानी है और यह हमारे अंदर मानवीय मूल्यों को जीवंत करता है। प्रश्न का उत्तर खोजने की जल्दी मत करो, प्रश्न के साथ रहो। प्रश्न अपने आप में एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा तुम अपने भीतर गहराई तक जा सकते हो। भीतर गहराई में हर कोई मुस्करा रहा है, लेकिन हम उस मुस्कान के संपर्क में नहीं हैं। उस मुस्कान के संपर्क में आना, सहज, सरल और मासूम होना ही आत्मज्ञान है। मनुष्य और ईश्वर अलग-अलग नहीं हैं। मनुष्य बाहरी त्वचा है, ईश्वर अंदर है और तनाव सबसे बाहरी आवरण है। मनुष्य ईश्वरीय और पाशविक प्रवृत्तियों के बीच की कड़ी है। यह दोनों के बीच एक पुल की तरह है, एक तरफ दैवीय गुणों का खिंचाव है और दूसरी तरफ पाशविक गुणों का।

## अहंकार व लोभ नहीं तो जीवन में होगी शांति



संकलित
**प्रेरणा**

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी, परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। समस्या सदा रहेगी। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय यहां बताते हैं। ये ठान लें आप कि धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से ही बात करेंगे, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोडक़र एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *गया साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### एक साथ आने का समय



यदि कभी एक साथ आने और जलवायु परिवर्तन पर काम करने का समय था - तो वह अब है। वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने और सबसे खराब जलवायु अराजकता से बचने की लड़ाई में 18 महीने महत्वपूर्ण हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सबसे बड़ी खुशी



मेरी सबसे बड़ी खुशियों और सफलताओं में से एक है बचाए गए बाल श्रमिकों से नेता, परिवर्तन लाने वाले पैदा करना। अमरलाल हजारों में से एक है। बचाया गया एक बाल श्रमिक अब दूसरों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है- द बेटर इंडिया।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### प्राचीन धरोहर का संरक्षण करें



एकजुटता के साथ अपनी प्राचीन धरोहर, सांस्कृतिक प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। अत्यन्त गौरवशाली वास्तुकला, समष्टि मांगल्य निमित्त समर्पित सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### भाजपा नेता से जुड़े तार



पेपर लीक पर चर्चा, स्कूल की कहानी सुने बिना अधूरी है। यहीं से एक साथ 6 बच्चों के 720/720 अंक आये थे। अब सुनिए कैसे वहां ग़लत पर्चे बंटे, कैसे कुछ ही बच्चों को ग्रेस मार्क मिले और कैसे इस स्कूल के तार सीधे सीधे भाजपा नेता से जुड़े हैं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# बिना 'हाथ लगाए' ताइवान को दबोच लेगा चीन..!

चीन और ताइवान के बीच तनातनी अब नया मोड़ लेती दिख रही है। चीन अपने सैन्य बल का डाइरेक्ट इस्तेमाल किए बिना ही ताइवान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की रणनीति अपनाता रहा है जो बेहद खतरनाक प्रतीत हो रही है! अमेरिका हमेशा से ताइवान का पक्ष लेता रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चीन के साथ ताइवान के आर्थिक संबंधों के चलते चीन के इन कदमों से इंटरनेशनल रिलेशन्स और वैश्विक व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। इस रणनीति से चीन ताइवान को दुनिया से पूरी तरह काटेगा नहीं बल्कि ताइवान के समुद्री और हवाई कॉमर्स पर कंट्रोल करने लग सकता है। खान पान और दवा जैसी आवश्यकताएं ताइवान को मिलती रहेंगी जिससे चीन यह दावा कर सकेगा कि किसी तरह की कोई परेशानी है ही नहीं। मगर वह कुछ खास सेगमेंट की सप्लाई रोकेगा जैसे कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की शिपमेंट वगैरह। वाशिंगटन के थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच कायम समुद्री सीमा में तनाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है क्योंकि चीन ताइवान के खिलाफ क्वारंटाइन स्ट्रेटिजी अपना रहा है जिसके तहत ताइवान को अलग-थलग करने की रणनीतिक कोशिश साफ सामने है।



## ऑफ बीट

# मौसम की सटीक भविष्यवाणी करता है उप्र का यह मंदिर

भारत के उत्तर प्रदेश के एक शहर में भगवान जगन्नाथ का ऐसा मंदिर स्थापित है, जो सालोंसाल से मौसम की भविष्यवाणी करता आ रहा है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले की घाटमपुर तहसील के बेहदा बुर्जुग गांव में स्थित है। इस रहस्यमयी मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को क्रूर मुगलों के आतंक से बचा लिया गया था। यहां के निवासियों की मानें तो यह मंदिर 4200 साल पुराना है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसमें मौसम के बदलाव की जानकारी मिल जाती है। यह मंदिर इस बारे में भी बताता है कि बारिश कम होगी या फिर अच्छी होगी। मानसून आने से 15 दिन पहले ही यहां भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के ऊपर बना गुंबद अंदर से पानी की बूंदे टपकाने लगता है। इन बूंदों से ही यह अनुमान लग जाता है कि कितनी बारिश होगी। अगर दीवार में बूंदें दिखाई देने लगती हैं तो इसका अर्थ है बारिश ठीक-ठाक ही होगी। अगर बूंदें नीचे गिरना शुरू हो जाती हैं तो इसका अर्थ है कि झमाझम बारिश होगी। पुरातत्व विभाग ने कार्बन डेंटिंग के माध्यम से इस मंदिर के इतिहास का पता लगाने की कोशिश की तो पता चला कि यह मंदिर करीब 4000 साल पुराना है। यहां पर पहले घन जंगल हुआ करता था। यहां पर कोल-भील कम्युनिटी के लोग रहा करते थे।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

## लाइफ Style

# पायल

## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।




## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. ।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।

### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार




**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।

## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

*__मुंबई।__ बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*

**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।





**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।



**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।





# सफाई मित्रों को मिलेगा रविवार अवकाश



जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर परिसर में स्थित अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा लगातार निगम में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा बताया जा रहा था कि कर्मचारियों को रविवार का अवकाश प्रदान नहीं किया जा रहा है, जिससे निगम में कार्यरत कर्मचारियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय को अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अचैया कोरी के द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), निगमाध्यक्ष रिंकुज विज (रिंकू) एवं आयुक्त प्रीति यादव से लगातार पत्राचार किया गया और उक्त प्रकरण पर जल्द से जल्द कार्यवाही किये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उक्त प्रकरण को महापौर द्वारा संज्ञान में लेते हुये आयुक्त से चर्चा कर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को रविवार अवकाश प्रदान करने को कहा गया, जिस पर आयुक्त के द्वारा महापौर की बात मानकर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को रविवार अवकाश प्रदान करने हेतु आदेश पारित किया गया। महापौर, निगमाध्यक्ष एवं आयुक्त का धन्यवाद करने में अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, कालूराम सोलंकी, रामाराव मगरदे, श्रीनिवासलू, रामू, जे. प्रवीण, राममूर्ति, दयाराम धुर्वे, प्रहलाद बर्मन, राहुल कोरी, महेन्द्र मलिक सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## रविदास समाज ने महापौर का आभार व्यक्त किया

**जबलपुर।** रविदास समाज जबलपुर ने महापौर को बधाई देते हुए बताया कि घमापुर बाई का बगीचा में करोड़ों की लागत से समुदाय भवन बनाया गया है, अनुसूचित जाति वर्ग की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से लगातार मांग की जा रही थी कि भवन का नामकरण संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के नाम से किया जाए। एमआईसी से पास होकर टेंडर के लिए लोहे का गेट एक बड़ा गुरु जी का चित्र वाला वोट लगाने के आदेश दिए गए। जिस पर रविदास समाज जबलपुर के हजारों सदस्यों ने प्रसन्न होकर महापौर को शुभकामनाएं, बधाई दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित कर एक हफ्ते में पूरा कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रविदास समाज जबलपुर महासचिव राजेंद्र चौधरी, सूरज चौधरी, एड. सूरज चौधरी, एड. बाल किशन चौधरी, एड. अयोध्या चौधरी, राहुल सतनामी, एड. नीरज चौधरी, रोशन लाल चौधरी, दास अहिरवार, रोड चौधरी, दिनेश चौधरी, पंडित गोपीनाथ, पंडित राजेश चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## समिति ने भव्यता से मनाई संत कबीरदास जयंती

**जबलपुर।** संत कबीरदास महाराज की 627वीं जयंती संत कबीरदास जयंती समारोह समिति जबलपुर के तत्वावधान में शनिवार दिनांक 22 जून 2024 को संतोष झारिया के निवास स्थान आगा चौक जबलपुर में बड़े भव्यता से मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कबीरजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन डॉ. एनपी झारिया, देवेंद्र झारिया, गोपाल खांडेल, अमृतलाल मेहरा का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित समरसता संगठन जबलपुर के अध्यक्ष संदीप जैन को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को उनके गुरुओं की वाणी को हमेशा ध्यान रखना चाहिए इसी से समाज आगे प्रगति कर सकता है। कार्यक्रम को डॉ. एनपी झारिया, जगदीश नन्हेंट, नंदकुमार यादव ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में संयोजकगण, गणेश सिंह झारिया, अजय झारिया, संतोष झारिया, मथुरा झारिया, भागवत झारिया, हरि मेहरा, नरेंद्र झारिया, डॉ. बृंदावन झारिया, जेपी मेहरा, अमित मेहरा, तीरथसिंह पवार आदि ने विशेष सहयोग कर कार्यक्रम सफल बनाया। महिला मंडल की ओर से राधा झारिया, आरती झारिया, सावित्री मेहरा, सरस्वती झारिया, कृष्णा झारिया, किरण झारिया आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया।





## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**जबलपुर।** भाजपाइयों ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को नमन कर जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है, का नारा गुंजाते हुए आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक देश के पूर्व विदेशमंत्री स्व. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को नमन किया। इस अवसर पर सभी 956 बूथों में अपने पितृ पुरुष के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। गुलौआताल गढ़ा स्थित उनकी प्रतिमा स्थली पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व- कृतित्व और योगदान पर प्रकाश डाला गया। उधर बूथ अध्यक्ष महानगर के पदाधिकारियों, मोर्चा, प्रकोष्ठ सहित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। प्रतिमा स्थली पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभात साहू, मेयर जगतबहादुरसिंह अन्नू, विनोद गोटिया आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को देश की अखंडता एवं एकता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। भाजपा महानगर प्रभात साहू ने कहा तुष्टिकरण की खतरनाक राजनीति को डॉ. मुखर्जी ने पहले ही समझ लिया था। उन्होंने बताया कि भाजपा ने सभी 956 बूथों पर कार्यक्रम किया। साहू ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की, केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है तो इसके पीछे डॉ. मुखर्जी की ही नीति और सोच है।

# ईडब्ल्यूएस सार्टिफिकेट वैधता पांच वर्ष की जाये



**जबलपुर।** भारत का संविधान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस आरक्षण सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में एंट्रेंस के लिए आवेदन करने में छूट प्रदान करता है शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में प्रवेश के लिए ईडब्ल्यूएस कोटा के तहत 10 फीसदी का रिजर्वेशन मिलता है, सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले राज्य स्तरीय पदों संवर्गों के मॉडल रोस्टर में ईडब्ल्यूएस कोटा 10% आरक्षित का अनिवार्य उल्लेख किया जायें, ईडब्ल्यूएस सार्टिफिकेट एकल खिड़की सुविधा उपलब्ध कराई जायें, लोक सूचना के तहत एक सप्ताह में नवीन/नवीनीकरण ईडब्ल्यूएस सार्टिफिकेट आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायें, स्नातक डिग्री -3वर्ष और स्नातकोत्तर उपाधि-2वर्ष अतः ईडब्ल्यूएस सार्टिफिकेट की वैधता पांच वर्ष किया जाये, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विधार्थियों को निःशुल्क पुस्तक, स्टेशनरी दिया जाये, छात्रावास में 10 प्रतिशत आरक्षण और अन्य संवर्ग की तरह सभी लाभ दिया जायें, परशुराम सेना संस्कारधानी जबलपुर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण 10% आरक्षण सुनिश्चित कराने एवं ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट की वैधता के संबंध में प्रांतीय आह्वान पर न्यायोचित महत्वपूर्ण मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष जबलपुर को सौंपा गया, जिसमें प्रांतीय सचिव संतोष दुबे, प्रांतीय उपाध्यक्ष विजेन्द्र उपाध्याय, संयोजक मुकेश चतुर्वेदी एवं जेपी शर्मा, ध्रुव कुमार दुबे, राजीव पाण्डेय, राम छवि मिश्रा, डॉ. राजकुमार गौतम, अनिल कुमार पाण्डेय, प्रमोद द्विवेदी, राजीव मिश्रा, राजेश पांडेय की भी उपस्थिति रही।

## गोंडवाना राज्य गठित करने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमान सिंह पोर्ते के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में जनसंख्या, भाषा के आधार पर प्रांतों का गठन होता जा रहा है, अतः मध्य भारत के मूल निवासी, सभी धर्म, भाषा, संस्कृति, सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, आर्थिक, कृषि, रोजगार, व्यापार, उद्योग विकास की दृष्टि से पृथक गोंडवाना राज्य का गठन कर आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया जाए, जिसकी राजधानी जबलपुर हो। ज्ञापन के दौरान एड. महेश कुमार बट्टी, एड. मनोज चौधरी, एड. वीपी सिंह, सखावत खान सहित गोंगपा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## समरसता सेवा संगठन की विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** समरस भारत-समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने- सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत कबीर की जयंती पर एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ. वाणी अहलूवालिया, मुख्य वक्ता राजकुमार ठाकुर संयुक्त आयुक्त जीएसटी, विशिष्ट अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन की उपस्थिति में जेके सेलिब्रेशन सभागार सदर में आयोजित किया गया। संगठन सचिव उज्ज्वल पचौरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। संगठन वक्ता के रूप में आलोक पाठक ने कबीर दास जी के व्यक्तित्व पर

# संत कबीर की वाणी में हैं समरसता के भाव निहित



प्रकाश डाला। समाजसेवी आभा साहू ने कबीर दास के दोहों का वाचन किया। संगीतकार एवं गायक अनवर हुसैन ने सुंदर भजन की प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने अपनी कविता के माध्यम से कबीर दास पर कविता सुनाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. वाणी अहलूवालिया ने अपने संबोधन में कहा समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप द्वारा शहर में आयोजित होने वाले ऐसे छोटे छोटे कार्यक्रम की गूंज चारो ओर सुनाई दे रही है, और जब ऐसी विचार गोष्ठियों को सुनने के बाद हम सभागार से बाहर निकलते हैं तो हमारे मन में समाज और समरसता के प्रति एक नवीन भाव प्रकट होता है। उन्होंने कहा कबीर दास जी के विचार और उनके दोहों को यदि हम अपने जीवन में और परिवार में उतारे तो हम निश्चित रूप से अपने जीवन में आगे बढ़कर देश और समाज के लिए कुछ योगदान अवश्य दे सकेंगे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में एनपी झरिया, पूर्व एसपी गोपाल प्रसाद खांडेल, जेपी मेहरा, देवेंद्र झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, चंद्रप्रकाश झारिया, दीपचंद्र विनोदिया, अजय झरिया, विनीता पैगवार, अनुराग कोरी साई, बीएल कोरी, राकेश पैगवार, मथुराप्रसाद कोरी, मीना झारिया, राधा झारिया, प्रेस छायाकार हरि मेहरा, जागेश्वर रैदास, दीपक नाहर, अशोक नामदेव, संजय पांडे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल ने किया।



## दसवां विश्व योग दिवस ऊर्जा के साथ मनाया स्कूली बच्चों ने

**जबलपुर।** विगत दिवस स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर में दसवां विश्व योग दिवस ऊर्जा के साथ मनाया गया, इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ योगाचार्य राम किशोर सोनी ने अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत योगासनों की कला का प्रशिक्षण देकर 'योग भगाये रोग' की महत्ता को चरितार्थ करते हुए स्वस्थ जीवन जीने की कला से अवगत कराया, कार्यक्रम में शाला की एडवाइजर श्रीमती संगीता ग्रोवर, शाला प्राचार्य विलियम डायस, उप प्राचार्य अनिल रजक, हेड मिस्ट्रेस मोना चौकसे, किड्स जोन प्रिंसिपल सुमिता दवे, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# स्वर्णकार महिला उत्थान समिति ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया



**जबलपुर।** कलेक्टर जबलपुर के द्वारा की जा रही प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं की कार्यवाही का समर्थन एवं प्रत्येक समाज के बीच कलेक्टर जबलपुर के कार्यों के प्रचार-प्रसार एवं सहयोग हेतु "नया उजाला एवं नया सबेरा जागरूकता अभियान" का प्रारंभ किया गया। साथ ही कार्यवाही पर उनका आभार व्यक्त किया गया। कलेक्टर द्वारा विगत दिनों प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के विरूद्ध जिस प्रकार कार्यवाही कर प्रत्येक जनमानस में उनके प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के कार्यों से जिस प्रकार संरक्षण प्रदान किया जा रहा है उक्त कार्यों की गति धीमी न पड़े साथ सभी सामाजिक संस्थायें व जबलपुर की पब्लिक प्रशासन के साथ खड़ी रहे ताकि प्रायवेट शिक्षा क्षेत्र में उक्त सुधार निरंतर जारी रहे। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति मध्यप्रदेश द्वारा एक अभिनव अभियान "नया उजाला नया सबेरा जागरूकता-2 एवं सहभागिता अभियान" प्रारंभ किया जा रहा है। सर्व स्वर्णकार सामाजिक महिला उत्थान समिति की बैठक, वंदे मातरम चौक, समदरिया मॉल के पास, अंबर फूड कोर्ट रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, बैठक के दौरान अध्यक्ष मंजू सोनी, पूजा सोनी, खुशबू सोनी, सीमा सोनी, मधु सोनी, स्नेहा सोनी, सुरुचि सोनी, सुरभि सोनी, भारती अग्रवाल, ज्योति शुक्ला, ज्योति कोल, अंजली बावरिया, प्रभात सक्सेना, एडवोकेट पंकज सोनी, लक्ष्मण दास स्वर्णकार, अशोक सोनी, खुशबू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## मेडिकल कॉलेज हड्डी विभाग के डॉक्टर्स ने भी किया योग

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के हड्डी विभाग में योगा अभ्यास किया गया, जिसमें आशा आर्मी स्कूल के बच्चों और समस्त शिक्षक स्टॉफ सहित अर्थो पेडिक विभाग के समस्त स्टॉफ ने हिस्सा लिया और योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना और समझा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही आशा आर्मी स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर मद्धुलिका त्रिपाठी, सीनियर योगाचार्य राम किशोर सोनी और राष्ट्रीय योग मर्मज्ञ मंजरी साहू की उपस्थिति में सभी ने योग किया, जिसमें हड्डी विभाग के डॉक्टर ने भी हिस्सा लिया, जिसमें मुख्य रूप से डॉ. एलएस मारावी (h.o.d.)डॉ. अशोक विद्यार्थी, डॉ. आशीष श्रीस्कर, डॉ. केके. पांडे, डॉ. राकेश तिर्के, डॉ. अनुराग साहनी, डॉ. दिगंबर पीपरा आदि ने योग किया। डॉक्टर मद्धुलिका ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी एवं शरीर और मन तथा आत्मा तीनों के लिए इस बदलती हुई दिनचर्या में योग का महत्व बताया और इस पर ध्यान केंद्रित किया, वहीं हड्डी विभाग के मुख्य अधिकारी डॉ. एलएस मारावी ने भी योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देकर योग के महत्व को बताया।

## ईद उल जुहा पर दी बधाई

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन और जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की ईद-उल-जुहा के मुबारक अवसर पर जागरूक कर्मचारी और खेल संघ जबलपुर के पदाधिकारियों ने आज संघ के वरिष्ठ मुस्लिम भाईयों को मुबारकबाद देते हुए सभी संगी साथियों की तरक्की की कामना करते हुए अमन और भाईचारे की



निरंतर उत्कर्ष की कामना करते हुए माल्यार्पण कर जागरूक खेल संघ वरिष्ठ पदाधिकारी अब्दुल कय्यूम भाईजान और जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के महामंत्री जियाउर्रहीम और प्रांतीय सचिव रऊफ खान का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए सभी साथियों को मिष्ठान वितरित करते हुए गले मिलकर साम्प्रदायिक सदभावना की मिसाल कायम की, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, फिलिप एंथोनी, धनराज पिल्ले, राजेश सहारिया, शशीरमन स्वामी, तेजभान सिंह, कुलदीप सिंह,मनमोहन चौधरी, आशीष कोरी, आदि बधाई देने उपस्थित रहे।



## कर्मचारी नेता राजेंद्र कनौजिया का किया अभिनंदन

**जबलपुर।** अपाक्स संगठन जिला जबलपुर के अध्यक्ष, कौशल विकास कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री प्रदीप पटेल ने बताया कि अपाक्स संगठन जबलपुर व मेडिकल कॉलेज विभागीय समिति के संरक्षक राजेंद्र कनौजिया (रज्जन) के द्वारा मेडिकल के कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों, मेडिकल परिसर में वृक्षारोपण करना व सामाजिक क्षेत्र में किये जा कार्य को देखते हुए अपाक्स संगठन जबलपुर के अध्यक्ष प्रदीप पटेल, नगर निगम विभागीय समिति के अध्यक्ष दिलीप सेन, संचालनालय कौशल विकास कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रामप्रसाद खनाल व मेडिकल वर्कशॉप आफिसर इंचार्ज डॉ. ओपी भार्गव, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. शिशिर चनपुरिया, डॉ. शमीक रज़ा, डॉ. मीना सिंह, कर्मचारी नेता राजू राकेश ने माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर डॉ. एलएस मरावी, डॉ. सिरसिकर, प्रकाश पटेल, संजय कुशवाहा, शुभ मोहन द्विवेदी, पप्पू कनौजिया, लघु वेतन कर्मचारी संघ के अजय दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, कमल मुदगल, अरुण चतुर्वेदी, संतोष कोटा, अजय केवट, सुखराम विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, योगेश ठाकरे, मजीद खान आदि उपस्थित थे।

# पीएससी परीक्षा में 11 हजार परीक्षार्थियों ने दिया एग्जाम

जबलपुर।



फ्लाइंग स्क्वॉड में एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी, एसडीएम गोरखपुर पंकज मिश्रा, एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह ठाकुर और एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता दल जबलपुर शहर में बनाये गये परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। उड़नदस्ता द्लों द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन परीक्षा केंद्रों में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सके, परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ जमा नहीं हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनी रहे। परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं किया जाए। चारों उड़नदस्ता दलों के साथ एक-एक वीडियोग्राफर को भी तैनात किया गया है।

न भ्रमित हों न भ्रमित करें- सचिव म.प्र. लोक सेवा आयोग ने कहा है कि सोशल मीडिया तथा कुछ अन्य प्रचार माध्यमों के द्वारा निराधार भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही हैं। उक्त परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता के सम्बंध में हो रहे भ्रामक समाचारों को संज्ञान में नहीं लें, न ही उन्हें प्रसारित करें। परीक्षा निर्धारित तिथि को नियत समय पर ही संपूर्ण दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित की गई है, आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के सम्बंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा अन्य प्रचार माध्यमों पर निराधार भ्रामक जानकारी, अफवाह प्रसारित या फॉरवर्ड करते हुए कोई भी व्यक्ति या संस्था पाए जाते हैं तो उन पर नियमानुसार कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आज राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 ली जा रही है। प्रदेश के 55 जिला मुख्यालयों पर दो सत्रों में आयोजित परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर में 2:15 बजे से अपरान्ह 4:15 बजे तक रही, इसी क्रम में जबलपुर शहर अंतर्गत निर्धारित किए गए सभी 24 केंद्रों में यह परीक्षा ली जा रही है। परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा चार उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं। यह उड़नदस्ता दल आज सुबह से केंद्रवार पहुंच कर परीक्षाओं पर नजर रखे रहे। इसमें एक दल के जिम्मे कुल पांच से सात तक परीक्षा केंद्र दिए गए हैं। चारों उड़नदस्ता दलों के साथ एक-एक वीडियोग्राफर को भी तैनात किया गया है। आज परीक्षाओं में कुल 11 हजार 518 परीक्षार्थियों में प्रथम सत्र में 7586 परीक्षार्थी आए। परीक्षाएं सेंट अलॉयसियस कॉलेज सदर, एपीएन कॉलेज, श्रीराम इंस्टीट्यूट, ज्ञानगंगा कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर सर्रापीपल, एमएलबी स्कूल, डिसिल्वा स्कूल आदि में ली गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अदिति अग्रवाल पिता प्रशांत अग्रवाल यह घोषणा करती हू कि पूर्व में मेरा पासपोर्ट क्रमांक P9929586 दिनांक 21/07/2017 को बना था। जिसमें मेरा नाम अदिति अग्रवाल पिता प्रशांत कुमार अग्रवाल लिखा था। जिसे अपनी कक्षा दसवीं की मार्कशीट एवं निवासिक दस्तावेजों के अनुसार आदिति अग्रवाल पिता प्रशांत अग्रवाल रख लिया है अतः आज दिनांक से मार्कशीट एवं निवासिक दस्तावेजों के अनुसार जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जाए।

पुराना नाम-आदिति अग्रवाल
पिता-प्रशांत कुमार अग्रवाल
नया नाम-आदिति अग्रवाल
पिता-प्रशांत अग्रवाल
पता-20/ए नयागांव हाउसिंग सोसायटी, रामपुर,जबलपुर।

**नाम सुधार सूचना**

मैं प्रशांत अग्रवाल पिता बालकृष्ण अग्रवाल यह घोषणा करता हू कि पूर्व में मेरा पासपोर्ट जिसका क्र. K5919690 बना था। जिसमें मेरा नाम प्रशांत कुमार अग्रवाल लिखा था। जिसे आज दिनांक से बदलकर अपने निवासिक दस्तावेज के अनुसार प्रशांत अग्रवाल पिता बालकृष्ण अग्रवाल रख लिया है अतः आज दिनांक से मुझे मेरे निवासिक दस्तावेजों के अनुसार जाना पहचाना एवं पढ़ा जाए।

पुराना नाम-प्रशांत कुमार अग्रवाल
नया नाम-प्रशांत अग्रवाल
पता-20/ए नयागांव हाउसिंग सोसायटी, रामपुर ,जबलपुर।